●वर्ष : 16 ●अंक : 206 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 17 नवम्बर 2024

**समाचार**

## ठाणे में की गई सीएम शिंदे के बैग की जांच

**दिग्विजय ने महायुति को बताया चोरी की सरकार**



चुनाव आयोग अधिकारियों ने शनिवार को ठाणे में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बैग की जांच की। सीएम शिंदे पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक के लिए हेलीपैड से कोंकण जा रहे थे।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीतने का भरोसा जताते हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने महायुति को चोरी की सरकार बताया। उन्होंने बताया कि जनता ने पहले कांग्रेस, शिवसेना और राकांपा गठबंधन को चुना था। उन्होंने महायुति पर झारखंड सरकार को भी गिराने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने कहा कि महायुति बिना किसी वजह के मौजूदा मुख्यमंत्रियों को जेल भेज रही है।

मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा, "यह चोरी की सरकार है। यह सार्वजनिक रूप से चुनी हुई सरकार नहीं है। जनता ने कांग्रेस, शिवसेना और राकांपा गठबंधन को चुना था। वे झारखंड में भी सरकार को गिराने की कोशिश कर रहे हैं। वे मौजूदा मुख्यमंत्रियों को जेल भेज रहे हैं। अदालत भी उनसे सवाल करती है कि उन्हें जेल क्यों भेजा गया। मुझे यकीन है कि झारखंड और महाराष्ट्र में हमारी सरकार बनेगी।"

महाराष्ट्र में 288 संसदीय सीटों पर 20 नवंबर को चुनाव होने वाला है। पीएम मोदी के एक रहो सेफ रहो और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे वाले नारे पर दिग्विजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "पीएम मोदी का कहना है एक रहो सेफ रहो। राहुल गांधी ने सही कहा है कि कुछ लोग भारतीय अर्थव्यवस्था पर एकाधिकार चाहते हैं और वे एकजूट होकर ही सुरक्षित हैं। जहां तक यूपी के सीएम आदित्यनाथ की बात है तो बुल्डोजर कल्चर पर जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट से आदेश दिया था, कोई और होता तो इस्तीफा दे देता।"

जाति जनगणना को दिग्विजय सिंह ने राहुल गांधी का समर्थन किया। उन्होंने कहा, "भाजपा बांटने वाली है और राहुल गांधी का कहना है कि समस्याओं का समाधान विस्तृत शोध के आधार पर ही किया जा सकता है। सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए जाति आदारित जनगणना कराई जानी चाहिए।" भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि वे उन्हें जाति जनगणना से दिक्कत क्यों है? 2024 और 2021 की जनगणना होती है।

# जी-20 में सार्थक चर्चा की उम्मीद, नाइजीरिया के दोस्तों ने हिंदी में भेजा स्वागत संदेश: मोदी

### पीएम मोदी कैरिकॉम में भी भाग लेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह भारत-कैरिबाई समुदाय शिखर सम्मेलन (कैरिकॉम) में भी भाग लेंगे, जहां 15 कैरिबियाई देशों के नेता एकत्र होंगे। यह शिखर सम्मेलन दोनों पक्षों के बीच ऐतिहासिक संबंधों के नवीनीकरण और नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का एक अच्छा अवसर होगा। मोदी ने एक्स पर कहा, अगले कुछ दिनों में मैं नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना में रहूंगा। इन यात्रा कार्यक्रमों से भारत के विभिन्न देशों के साथ संबंधों में नई गति आएगी। मैं जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा और गुयाना में कैरिबियाई नेताओं से मिलूंगा।



### 'नाइजीरियाई दोस्तों ने हिंदी में भेजा स्वागत संदेश'

नाइजीरिया दौरे को लेकर पीएम ने कहा, 'यह यात्रा हमारी सामरिक साझेदारी को और मजबूत करने का एक अवसर होगा, जो लोकतंत्र और विविधता पर आधारित है।' यह पीएम मोदी की पहली नाइजीरिया यात्रा होगी, जहां वह 16-17 नवंबर तक रहेंगे। मोदी ने कहा, 'मैं भारतीय समुदाय और नाइजीरिया के दोस्तों से मिलने के लिए उत्सुक हूं, जिन्होंने मुझे हिंदी में गर्मजोशी भरा स्वागत संदेश भेजा है।'

### 19-21 नवंबर तक गुयाना में रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी

इसके अलावा, पीएम मोदी 19 से 21 नवंबर तक गुयाना में रहेंगे। यहां पचास वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा, 'हम अपने अनूठे संबंधों को और मजबूत करने के लिए चर्चा करेंगे, जो साझा धरोहर, संस्कृति और मूल्यों पर आधारित हैं।'

### >>> द्विपक्षीय सहयोग आगे बढ़ान पर चर्चा करेंगे पीएम---

उन्होंने कहा, इस साल ब्राजील, भारत की विरासत को आगे बढ़ा रहा है। मैं 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के दृष्टिकोण के अनुरूप सार्थक चचाओं की उम्मीद करता हूं। मैं अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा करूंगा। भारत की मेजबानी में पिछले साल अफ्रीकी संघ जी-20 का स्थायी सदस्य बना। यूक्रेन संकट पर गहरे मतदभेदों के बावजूद घोषणा जारी करना भारत की प्रमुख उपलब्धियों में से एक था।

**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह ब्राजील होने वाले आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन में सार्थक चर्चा की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में पिछले वर्ष भारत की मेजबानी में तय किए एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की पांच दिवसीय दौरे से पहले की। सबसे पहले वह नाइजीरिया पहुंचेंगे। उसके बाद ब्राजील जाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा, ब्राजील में में 19वें जी-20 सम्मेलन में ट्रॉयका सदस्य के रूप में शामिल होउंगा। पिछले वर्ष भारत की मेजबानी ने जी-20 को जनता का जी-20 बना दिया और वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं को इसके एजेंडे में शामिल किया। इस सम्मेलन में पीएम मोदी के अलावा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन भी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन 18 और 19 नवंबर को रियो डि जनेरियो में होगा। भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जी-20 के ट्रॉयका सदस्य हैं।

**ज्वलंत मुद्दा**

**सम्पादकीय**



## धीमी न्यायिक प्रक्रिया के विकल्प पर सोचना होगा

उलेमा बनाम उत्तरी दिल्ली मामले पर सुनवाई के दौरान जिस तरह सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणियां की थीं, इस मामले पर आए फैसले का अंदेशा उनसे हो गया था। सबसे बड़ी अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई पर पूरी रोक तो नहीं लगाई है, लेकिन इसके लिए मानक प्रक्रिया बनाकर राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों के हाथ जरूर बांध दिए हैं। जैसा कि हर फैसले के साथ होता है, हर पक्ष अपने-अपने हिसाब से इसकी व्याख्या कर रहा है। बुलडोजर कार्रवाई के विरोधी इसे अपनी जीत बता रहे हैं, वहीं इसके समर्थक इस फैसले में भी कार्रवाई के लिए राह खोज रहे हैं। इससे साफ है कि बुलडोजर न्याय सिर्फ स्पीड ब्रेकर का काम करेगा, ब्रेक नहीं बन पाएगा। स्पीड ब्रेकर तेज रफ्तार वाहनों की रफ्तार को धीमी करता है, जबकि ब्रेक गाड़ी को रोक देता है। यह फैसला भी कुछ इसी तरह का साबित होने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई को नियंत्रित करते वक्त एक तथ्य पर ध्यान नहीं दिया है। हमारे यहां आपराधिक मामलों की सुनवाई की जो प्रक्रिया है और उसमें जिस तरह की देर लगती है, उसे अपराध करने वालों ने अपने लिए आड़ बना रखा है। बरसों तक धीमी गति से चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया का एक संदेश यह है कि ताकतवर चाहे तो अपराध करने के बावजूद प्रक्रिया की घुमावदार गलियों में न्यायिक फैसले को टाल सकता है। यह टालना इतना लंबा हो जाता है कि एक तरह से वह न्याय से इनकार हो जाता है। देर है पर अंधेर नहीं की सोच भी उबाऊ और धीमी न्यायिक प्रक्रिया के सामने धुंधली होते-होते समाप्त हो जाती है। इसी घुमावदार और लंबी-धीमी न्यायिक प्रक्रिया का विकल्प बनकर बुलडोजर न्याय उभरा था।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# 'हम पीओके को भी साथ लेकर चलना चाहते हैं': कंगना



**मुंबई** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे नहीं तो कटेंगे नहीं वाले बयान को लेकर सियासी गलियारों में हलचल मच गई। सीएम योगी के इस नारे पर भाजपा सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे एकता का आह्वान बताया और कहा कि बचपन से ही सिखाया गया कि एकता में बल होता है। कंगना ने आगे कहा कि उनकी पार्टी पीओके को भी साथ लेकर चलना चाहती है।

### › बंटेंगे नहीं तो कटेंगे वाले नारे पर कंगना ने दी प्रतिक्रिया

भाजपा नेता कंगना रनौत ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, "यह एकता का आह्वान है। हमें बचपन में सिखाया गया था कि एकता में बल है। अगर हम साथ हैं तो हम सुरक्षित हैं। अगर हम बंटेंगे तो कट जाएंगे। हमारी पार्टी एक सनातनी पार्टी है। हमारी पार्टी पीओके को भी साथ लेकर चलना चाहती है। यहां विपक्ष की फूट डालने की साजिश नाकाम हो रही है।"

### › महाराष्ट्र में एक चरण में होगा विधानसभा चुनाव

बता दें कि 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव 20 नवंबर को एक ही चरण में होंगे, जबकि विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और अजीत पवार की एनसीपी से मिलकर बनी महायुति सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रही है, जबकि शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस की विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) इसे सत्ता से बेदखल करने के प्रयास में है।

**विधानसभा चुनाव से पहले शरद पवार की महाराष्ट्र की जनता को चिट्ठी**

# गद्दारों से सावधान रहें: शरद पवार

**मुंबई** इससे पहले शरद पवार ने शनिवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनके भाजपा सहयोगियों पर आगामी विधानसभा चुनावों को 'वोट जिहाद' का मुद्दा उठाकर धार्मिक रंग देने की कोशिश करने का आरोप लगाया। पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए 83 साल के राजनेता ने उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार की टिप्पणी पर जवाब देने का काम लोगों पर छोड़ दिया। दरअसल, अजित ने कहा था कि शरद पवार के बाद नेतृत्व की अगली पंक्ति में वे होंगे। 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पुणे के खड़कवासला में शुक्रवार को एक रैली के दौरान फडणवीस ने इस्लामिक नेता सज्जाद नोमानी का एक वीडियो का हवाला देकर दावा किया कि 'वोट जिहाद' का नारा लगाया गया था। इस पर उन्होंने कहा था कि अगर 'वोट जिहाद' होने वाला है, तो हमें वोटों का ह्यधर्मयुद्धह्न भी लड़ना होगा।

इससे पहले भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए जारी चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान उनकी पार्टी द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा नारा ह्यबटेंगे तो कटेंगेह्न एक हकीकत है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने चुनावी भाषणों में अक्सर इस नारे का इस्तेमाल किया है। भाजपा की राज्य ईकाई की नेता पंकजा मुंडे और अशोक चव्हाण ने कहा कि कथित सांप्रदायिक रंग वाला ऐसा संदेश महाराष्ट्र में उचित नहीं है। तावड़े ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि बटेंगे तो कटेंगे हकीकत है।



### पवार ने फडणवीस को घेरा

इससे पहले भाजपा नीत महायुति सरकार के खिलाफ एक इस्लामिक नेता की ओर से 'वोट जिहाद' की कथित अपील का जिक्र करते हुए फडणवीस ने शुक्रवार को इसका मुकाबला करने के लिए 'वोटों का धर्मयुद्ध' करने का आह्वान किया था। मतदाताओं से फडणवीस की अपील के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि यह भाजपा नेता ही थे, जिन्होंने 'वोट जिहाद' का मुद्दा उठाया था।

# 'मासिक धर्म स्वच्छता नीति लागू करने से पहले स्पष्ट करें जमीनी स्थिति': सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह स्कूलों में मासिक धर्म स्वच्छता के लिए नीति लागू करने से पहले याचिकाकर्ता की ओर से उठाए गए मुद्दों को स्पष्ट करे। कोर्ट ने कहा कि नीति लागू करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि नीति का आधार सही है और यह सही तरीके से लागू होगी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने 12 नवंबर को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एश्वर्या भाटी से कहा कि वह याचिकाकर्ता की ओर से उजागर किए गए पहलुओं को देखें और अगली सुनवाई तक स्थिति स्पष्ट करें। मामले की अगली सुनवाई तीन दिसंबर को होगी। इस नीति का मुख्य उद्देश्य स्कूल जाने वाली लड़कियों में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देना है, ताकि वह अपनी शिक्षा और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए मासिक धर्म से सही तरीके से निपट सकें। एएसजी भाटी ने बताया कि नीति को सही और प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। वकील के मुताबिक, भारत सरकार द्वारा नीति तैयार करने में जो आकंड़ा इस्तेमाल किया गया है, वह गलत है, इससे इसके उद्देश्य को हासिल करना मुश्किल होगा। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत से यह भी अनुरोध किया कि भारत सरकार को अपना आंकड़ा सही करने और नीति को अंतिम रूप देने व लागू करने से पहले देश में मौजूदा स्थिति का सहीं तरीके से आकलन करने का निर्देश दिया जाए। इसके अलावा, याचिकाकर्ता ने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश के दमोह जिले के सरकारी स्कूलों में सैनिटरी पैड उपलब्ध नहीं हैं और अगर कोई लड़की इसे मांगती है, तो उसे घर जाने के लिए कहा जाता है। एएसजी भाटी ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि सरकार ने मासिक धर्म स्वच्छता नीति बनाई है



### अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट में क्या कहा

एएसजी ने कोर्ट को बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राज्य सरकारों औरर केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर संबंधित कार्य योजना तैयार करेगा, ताकि मासिक धर्म स्वच्छता नीति के सभी पहलुओं को पूरी तरह से लागू किया जा सके और सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों के लिए इस नीति का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन हो सके।

### मासिक धर्म स्वच्छता नीति में गलत आंकड़े: याचिकाकर्ता

याचिकाकर्ता जय ठाकुर ने अदालत में यह याचिका दायर की है कि भारत सरकार द्वारा बनाई गई नीति स्कूल जाने वाली लड़कियों के मासिक धर्म स्वच्छता के लिए पर्याप्त नहीं है।

## भारत पर दुनिया की नजरें: विदेश मंत्री

**नई दिल्ली** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि जब पूरी दुनिया में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है, ऐसे वक्त में भारत की राजनीतिक स्थिरता पर पूरी दुनिया की नजरें हैं। जयशंकर ने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश में लगातार तीसरी बार सत्ता में आना आम बात नहीं है। एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ये बात कही। जयशंकर ने कहा कि 'पूरी दुनिया भारत की राजनीतिक स्थिरता को देख रही है। खासकर ऐसे वक्त में जब अधिकतर देश राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहे हैं। ऐसे वक्त में एक लोकतांत्रिक देश में लगातार तीसरी बार निर्वाचित होना कोई आम नहीं है।' विदेश मंत्री ने कहा कि 'पूरी दुनिया की नजरें भारत के आर्थिक विकास पर भी हैं क्योंकि अन्य देशों को 7-8 प्रतिशत की विकास दर को पाने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत में व्यापार को लेकर कई बड़ी कंपनियां उत्साहित हैं और देश में भारी निवेश हो रहा है।' उन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ समस्या के हल पर बात करते हुए कहा, "मैं सेनाओं के पीछे हटने को बस उनके पीछे हटने के रूप में देखता हूं, न उससे कुछ ज्यादा, न कुछ कम।

# अगर धारावी में 10 अमीर लोग रहते, तो वहां की जमीन का ना होता अधिग्रहण: राहुल

**मुंबई** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों का जोरों शोरों से प्रचार जारी है। इस बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को चंद्रपुर जिले में रैली की। इस रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर धारावी में 10 अमीर लोगों का घर होता तो यहां की जमीन का अधिग्रहण नहीं होता। उन्होंने आगे कहा कि वह राष्ट्र निर्माण में बलिदानों की याद दिलाने के लिए लोगों को संविधान दिखाते रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर बलिदानों का अपमान करने का आरोप लगाया।



चिमूर में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, "अगर धारावी में केवल 10 अमीर लोग रहते तो धारावी की जमीन का अधिग्रहण नहीं होता। मैं लोगों को राष्ट्र निर्माण में बलिदानों हुए लोगों की याद दिलाने के लिए संविधान दिखाता रहूंगा। जब मैंने संविधान की लाल किताब दिखाई तब भाजपा ने बलिदानों का अपमान किया।" बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के अमरावती में भी रैली की। इस रैली में उन्होंने महायुति पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ विपक्षी गठबंधन और दूसरी तरफ भाजपा-आरएसएस है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनका मानना है कि देश संविधान से चलना चाहिए और नरेंद्र मोदी कहते हैं कि संविधान एक खोखली किताब है, इसमें कुछ नहीं लिखा है।

## जिरीबाम में तीन शव मिलने के बाद सड़क पर उतरे लोग, मंत्रियों-विधायकों के घरों की घेराबंदी की



**इंफाल** जिरीबाम में तीन लोगों के शव मिलने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। घटना के विरोध में लोग सड़क पर उतर आए और मणिपुर सरकार के दो मंत्रियों और तीन विधायकों के घरों की घेराबंदी की। इस दौरान घर के बाहर जमकर नारेबाजी की गई। इसके बाद इंफाल पश्चिम प्रशासन ने अनिश्चितकाल के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। वहीं शनिवार शाम को पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट टीएच किरण कुमार के आदेश पर जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया। सबसे पहले प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने लामफेल सनाकेथेल इलाके में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सापम रंजन के आवास पर धावा बोला। यहां पर लोगों ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद लामफेल सनाकेथेल विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि डेविड ने बताया कि मंत्री सापम ने आश्वासन दिया कि तीन लोगों के शव मिलने के मुद्दे पर कैबिनेट बैठक में चर्चा की जाएगी।

CMYK

## सार संक्षेप

### आधुनिक और स्टाइलिश आईवियर के लिए अनुकूलित तकनीक का विकास हुआ

**नई दिल्ली :** रे-बैन ने अपने नवीनतम इनोवेशन, ट्रांजिशन्स द्वारा पावर्ड लाइट-रिस्पॉन्सिव फ्रेम रे-बैन चेंज लॉन्च किया है। यह अनोखा फ्रेम यूवी लाइट के संपर्क में आते ही अपना रंग बदलता है, जिससे यह इनडोर और आउटडोर दोनों में आपके लुक को पूरी तरह से बदल देता है। रे-बैन चेंज, ओरिजिनल वेफेरर और वेफेरर ओवल फ्रेम्स में उपलब्ध है, जो स्टाइल और टेक्नोलॉजी का बेजोड़ संयोजन प्रस्तुत करता है। फेडेरिको बुफा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, एस्सिलोर लक्जोटिका ने कहा, रे-बैन अपने ग्राहकों को आधुनिक टेक्नोलॉजी और स्टाइलिश फ्रेम्स देने के लिए प्रतिबद्ध है। ट्रांजिशन्स टैक्नोलॉजी के साथ बनाए गए इन फ्रेम्स में फोटोक्रोमिक डाई का उपयोग होता है, जो रोशनी के अनुसार रंग बदलने में सक्षम है। यह फ्रेम पारंपरिक सैल्युलोज एसिटेट और आधुनिक इनोवेशन का बेहतरीन संयोजन है, जो यूवी लाइट के संपर्क में आते ही तुरंत एक्टिवेट हो जाता है।

### कम्पनी ने वित्तीय प्रदर्शन में किया उल्लेखनीय सुधार, राजस्व वृद्धि के लिए रणनीतिक कदम

**नई दिल्ली :** आइस मेक रैफ्रिजरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में अपने समेकित परिचालन राजस्व में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की। इस तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व 103.39 करोड़ रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 34.46 फीसदी की बढ़त को दर्शाता है। पिछले वर्ष की तुलना में 11.16 फीसदी की वृद्धि हुई है। नेट प्रॉफिट 4.79 करोड़ दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 6.68 फीसदी अधिक है। कंपनी के सीएमडी, चंद्रकांत पटेल ने इस उपलब्धि को बाजार में विस्तार और उत्पादों की बढ़ती मांग से जोड़ा। उन्होंने बताया कि यह सफलता रणनीतिक पहलों के सफल कार्यान्वयन का परिणाम है। हालांकि, पीएटी (कर पश्चात लाभ) मार्जिन में थोड़ी गिरावट देखी गई, जिसे उन्होंने नए प्रोजैक्ट्स के लिए अतिरिक्त मैनपावर खर्च के साथ जोड़ा।

### दिल्ली में जल संकट गहराया : कई क्षेत्रों में पानी की कमी से लोग परेशान

**नई दिल्ली :** दिल्ली में पानी की किल्लत ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है, जिससे कई इलाकों में रहने वाले लोग परेशान हैं। यमुना नदी के जलस्तर में गिरावट और ट्रीटमैंट प्लांट्स में कमी के चलते पानी की आपूर्ति में भारी कटौती देखी जा रही है। दिल्ली जल बोर्ड ने कई हिस्सों में पानी की कटौती का शैड्यूल जारी किया है, जिसके चलते सुबह और शाम के समय लोगों को पानी की उपलब्धता में रुकावट का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर दक्षिण और पश्चिमी दिल्ली के क्षेत्रों में पानी की कमी सबसे अधिक महसूस की जा रही है। लोग टैंकरों के सहारे अपनी पानी की जरूरत पूरी कर रहे हैं, लेकिन ये व्यवस्था भी मांग के अनुसार पर्याप्त नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि पानी की कमी का यह संकट, न केवल बढ़ती जनसंख्या, बल्कि जलवायु परिवर्तन और यमुना के जलस्तर पर बढ़ती निर्भरता के कारण भी है। दिल्ली सरकार ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए लोगों से अपील की है कि पानी का दुरुपयोग न करें और इसकी बचत को अपनी आदत बनाएं। जल बोर्ड ने भी कई स्थानों पर लीकेज और पाइपलाइन में सुधार कार्य शुरू कर दिए हैं ताकि पानी की बबार्दी को रोका जा सके।

### भारत वैब एसोसिएशन की रिपोर्ट डिजीटल इकोनॉमी में नया बदलाव के साथ बढ़ रहा योगदान

**नई दिल्ली :** देश के प्रमुख वैब3 एसोसिएशन भारत वेब3 एसोसिएशन (बीडब्ल्यूए) ने इंडियाज वेब3 रिवॉल्यूशनः ए कम्पेंडियम ऑफ वेब3 फर्म्स लेड बाय इंडियन इनोवेटर्स शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें भारत में वेब3 टैक्नोलॉजी के प्रभाव और योगदान पर रोशनी डाली गई है। इस रिपोर्ट में 422 वेब3 कंपनियों को शामिल किया गया है, जिनमें से 70 फीसदी (290) का मुख्यालय भारत में स्थित है। कर्नाटक वेब3 का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है, जहां 97 कंपनियां मुख्यालय बनाए हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र (47 कंपनियां) और तेलंगाना (20 कंपनियां) का स्थान है। हरियाणा और उत्तर प्रदेश ने भी शीर्ष पांच राज्यों में अपनी जगह बनाई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ब्लॉकचेन सर्विसेज सॉल्यूशंस वेब3 का सबसे बड़ा वर्टिकल है, जिसमें 79 कंपनियां विभिन्न उद्योगों के लिए समाधान विकसित कर रही हैं। इसके बाद वीडीए एक्सचेंजेज एवं ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स (42 कंपनियां) और ब्लॉकचेन इन्फ्रास्ट्रक्चर (36 कंपनियां) का स्थान है। भारत वेब3 एसोसिएशन के चेयरपर्सन दिलीप चेनॉय ने कहा कि यह रिपोर्ट डीईएफआई, ब्लॉकचेन सॉल्यूशंस, एसेट टोकनाइजेशन, मेटावर्स और अन्य क्षेत्रों में काम कर रहे स्टार्टअप्स की व्यापक समीक्षा करती है।

# राहुल बोले- प्रधानमंत्री मोदी अरबपतियों के लिए काम करना बंद कर देश की जनता के लिए काम करें

## प्रधानमंत्री ने नोटबंदी-जीएसटी जैसे हथियार इस्तेमाल कर अडानी-अंबानी के लिए रास्ता साफ किया

**नई दिल्ली।** 16 नवंबर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी अरबपतियों के लिए काम करना बंद करें और देश की जनता के लिए काम करें। प्रधानमंत्री देश के लिए रोजगार लाएं, देश में महंगाई कम करें, किसानों को सही एमएसपी दें और मजदूरों की मदद करें। महाराष्ट्र के अमरावती में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आज देश में नफरत इसलिए फैल रही है, क्योंकि नरेंद्र मोदी ने रोजगार का सिस्टम खत्म कर दिया है। आज किसी भी राज्य में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, क्योंकि देश के अरबपति चीन का माल यहां पर बेचते हैं। नोटबंदी और जीएसटी की वजह से फैक्ट्रियां बंद हो गईं, लोगों को रोजगार देने वाले छोटे व्यवसाय बर्बाद हो गए। नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी और जीएसटी जैसे हथियारों का इस्तेमाल कर अडानी-अंबानी के लिए रास्ता साफ किया। इसका नतीजा ये हुआ कि देश का सारा धन चंद अरबपतियों के हाथ में चला गया। भाजपा-आरएसएस पर संविधान पर आक्रमण करने का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ इंडिया गठबंधन और दूसरी तरफ भाजपा-आरएसएस हैं। इंडिया



गठबंधन कहता है कि देश संविधान से चलना चाहिए और नरेंद्र मोदी कहते हैं कि संविधान एक खोखली किताब है, इसमें कुछ नहीं लिखा है। राहुल गांधी ने कहा कि ये किताब भाजपा-आरएसएस के लोगों के लिए खोखली होगी, लेकिन हमारे लिए ये इस देश का डीएनए है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी और भाजपा नेता बंद कमरों में संविधान की हत्या करते हैं। नरेंद्र मोदी और भाजपा धारावी की जमीन अपने मित्र अडानी को देना चाहते थे। इसलिए महाराष्ट्र की सरकार चोरी की गई थी। महाराष्ट्र की सरकार को चोरी करने की बैठक में अडानी, अमित शाह और भाजपा के लोग मौजूद थे। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि विधायकों को करोड़ों रुपयों की रिश्वत देकर सरकार चोरी की जाएगी। उन्होंने पूछा कि जब महाराष्ट्र की सरकार को चोरी किया जा रहा था, क्या तब भाजपा नेता संविधान की रक्षा कर रहे थे। संविधान में कहां लिखा है कि करोड़ों रुपये की रिश्वत देकर जनता की सरकार को चोरी करना चाहिए। राहुल गांधी ने आश्वासन दिया कि वह धारावी की जमीन को लोगों से छीनकर गौतम अडानी को नहीं देने देंगे। उन्होंने यूपीए सरकार द्वारा किसानों के हित में लाए गए भूमि अधिग्रहण अधिनियम का उल्लेख किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि जब उन्होंने उत्तर प्रदेश के भट्टा पारसौल में किसानों का मामला उठाया तो पूरा मीडिया उनके खिलाफ हो गया और उनकी छवि खराब करने की हर संभव कोशिश की गई। उन्होंने यूपीए सरकार द्वारा किसानों के लिए की गई 70 हजार करोड़ रुपये की कर्जमाफी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने सिर्फ 25 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये माफ किया, लेकिन किसानों का एक पैसा भी माफ नहीं किया।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमेन के निवास स्थान पर गुरूनानक जयंति समारोह का आयोजन



**दिल्ली।** 16 नवम्बर 2024 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमेन सरदार इकबाल सिंह लालपुरा के निवास स्थान पर जगतगुरू गुरूनानक देव के 556 वें जन्म दिवस प्रकाष पर्व के अवसर पर समारोह का आयोजन हुआ जिसमें सभी धर्मों के धर्म गुरू और राजनीतीक व सामाजिक लोग उपस्थित हुए। समारोह में उपस्थित राजनीति लीडर केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, अर्जुनराम मेघवाल, सांसद स्वराज बांसुरी, सांसद मनोज तिवारी, पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, समाजसेवी मौलाना षाहीन कास़मी, हाजी सैयद सलमान चिष्ती, सिराजुद्दीन कुरैषी, गोस्वामी सुषील, रामजी महाराज, फादर एम.डी थोमस, जैन समुदाय के आचार्य मुनी इत्यादी इन सभी लोगों ने कहा गुरू नानक देवजी जिन्होंने संसार को मानवता, प्रेम और करूणा का संदेष दिया है उनका कहना था ईष्वर सब जगह और सब रूप में है। वो निरंकार है उसका कोई आकार नहीं है। हम सबको उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर मानवता, भाईचारा को मजबूत करते हुए मिलजुल देष के विकास के लिए कार्य करने चाहिए। समारोह में भजन कीर्तन, अर्दास एवं गुरूवाणी प्रस्तुत की गई। सभी राजनीतिक व्यक्तियों ने गुरूनानक के दरबार में इस पवित्र अवसर पर चरणों में नतमस्तक होकर आषीर्वाद लिया और प्रार्थना की उनके ऊपर सदैव कृपा रहे। अंत मे सरदार इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा गुरूनानक देवजी का जन्म मनुष्य को सही मार्ग दिखाने के लिए हुआ था। गुरूनानक का कहना था मनुष्य को स्वंय ईष्वर की कृपा पाने के लिए सहीं मार्ग पर चलते हुए समाज के षोषित और निर्धनों की भलाई के लिए कार्य करने की षिक्षा दी। समारोह में उपस्थित होने पर विषेष अतिथियों को तलवार और पग भेंट की। समारोह में उपस्थित लोग आयोग के उपाध्यक्ष केके देबू, सदस्य रिनचेन लम्हो, सदस्य धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे, सदस्य सैयदा षहजादी दिल्ली गुरूद्वारा परबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरप्रीत कालरा, ग्लोबल पंजाबी एसोसिएषन के अध्यक्ष डा. कुलवंत सिंह धारीवाल, प्रोफेसर हरबन सिंह इत्यादी।

# खरगे का प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना- जनता ने अच्छे दिन के इंतजार में बेहतरीन दिन गंवा दिए

## झारखंड के 1,36,000 करोड़ रुपये नहीं दे रही भाजपा सरकार

**नई दिल्ली।** 16 नवंबर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ-सबका विकास और अच्छे दिन की बात कही थी। जनता ने अच्छे दिन के इंतजार में बेहतरीन दिन गंवा दिए हैं। झारखंड के जामताड़ा और खिजरी में विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि झारखंड को कोयले के खनन के 1,36,000 करोड़ रुपये मिलने चाहिए, लेकिन भाजपा की सरकार ये पैसा नहीं दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड को उसके हक के पैसे दें। क्योंकि यह झारखंड की जनता का पैसा है, मोदी का नहीं। जनता के भारी हुजूम से गदगद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश में आईआईटी, एम्स, इंजीनियरिंग कॉलेज बनाए और विकास के कई सारे काम किए। इन्हीं स्कूल, कॉलेज में भाजपा के लोग भी पढ़े और वही आज पूछते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने क्या किया। कांग्रेस पार्टी और बाबा साहेब अंबेडकर जी ने देश को संविधान दिया। संविधान के कारण ही महिलाओं, गरीबों, पिछड़ों समेत देश के हर वर्ग को वोट का अधिकार मिला। आज नेता घर-घर आकर जनता से वोट मांगते हैं। जनता को यह शक्ति देश के संविधान से मिली, जो कांग्रेस की देन है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी लाल रंग के कवर वाले संविधान को कोरे कागजों वाला संविधान बताते हैं। संविधान की ऐसी किताब को रखने वाले को शहरी नक्सली बताते हैं। नरेंद्र मोदी भूल जाते हैं कि 2017 में उन्होंने खुद लाल कवर वाली संविधान की किताब तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी को सौंपी



थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलने और उनकी गलतियां बताने वाले को भाजपा जेल में डलवा देती है। उनके पीछे जांच एजेंसियां लगा दी जाती हैं। लेकिन जब देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों पर अन्याय होता है, तो प्रधानमंत्री चुप बैठ जाते हैं। खरगे ने झारखंड में घुसपैठ का मुद्दा उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठियों के घुसने का दावा करके मोदी और शाह दोनों ने स्वीकार किया है कि केंद्र में कमजोर सरकार है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार है और सीमाओं की सुरक्षा के लिए शाह के नेतृत्व वाला केंद्रीय गृह मंत्रालय जिम्मेदार है। अगर घुसपैठिए घुस आए हैं तो क्या मोदी सरकार सो रही थी। अपने संबोधन में कांग्रेस अध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री रहते हुए चंपई सोरेन कहते थे कि मोदी सरकार दस साल से जनता को ठग रही है, झारखंड के हित में कोई काम नहीं किया। अब सोरेन अपनी ही बात से पलट रहे हैं।

# अवॉर्ड विनिंग क्लासिक फिल्म 'ढाई आखर', 22 नवंबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**नयी दिल्ली।** निर्देशक प्रवीन अरोड़ा की फिल्म ढाई आखर एक क्लासिक लव स्टोरी है, जो एक महिला की अपनी पहचान खोजने की कोशिश में किये गए संघर्ष का बखूबी बयान करती है। ये फिल्म 22 नवम्बर को पूरे देश में रिलीज हो रही है। हिन्दी के वरिष्ठ लेखक अमरीक सिंह दीप के उपन्यास "तीर्थाटन के बाद" पर आधारित फिल्म 'ढाई आखर" हर्षिता नाम की एक ऐसी महिला की कहानी है, जो वर्षों तक घरेलू हिंसा और अपमानजनक वैवाहिक जीवन का शिकार रही। वह चिट्ठियों के माध्यम से एक मशहूर लेखक श्रीधर के करीब आती है, लेकिन विधवा होने के कारण उसका ये प्रेम संबंध पुरुष प्रधान समाज और परिवार को स्वीकार नहीं होता। क्या हर्षिता इससे जुड़ी चुनौतियों का सामना कर पाएगी? श्रीधर के साथ उसके रिश्ते के प्रति परिवार की नफरत का अंत क्या होगा? क्या दोनों का प्यार परवान चढ़ेगा? इन सभी सवालों का भावनात्मक जवाब खोजने की कोशिश है फिल्म 'ढाई आखर'। निर्देशक प्रवीन अरोड़ा कहते हैं कि फिल्म 'ढाई आखर' एक प्रेम गीत है। प्रेम किसी के जीवन को बदलने की ताकत रखता है। हिन्दी और मराठी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मृणाल कुलकर्णी इस फिल्म में 'हर्षिता' के लीड रोल में नजर आएंगी। जानेमाने अभिनेता हरीश खन्ना और प्रसिद्ध मराठी अभिनेता रोहित कोकाटे ने भी अहम किरदार निभाए हैं। लेखक असगर वजाहत ने इस फिल्म की पटकथा और संवाद लिखे हैं। फिल्म की शानदार टीम में गीतकार इरशाद कामिल, हिन्दी और बंगाली संगीत निर्देशक अनुपम रॉय और गायिका कविता सेठ शामिल हैं।




इस फिल्म की शूटिंग उत्तराखंड की खूबसूरत लोकेशंस पर की गई है। कबीर कम्यूनिकेशन्स, आकृति प्रोडक्शंस और एस के जैन जमाई के बैनर तले बनी इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर, प्रतिष्ठित आईएफएफआई गोवा में पिछले वर्ष हुआ, जिसमें इस फिल्म को दर्शकों, आलोचकों और फिल्म इंडस्ट्री की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। चेन्नई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 और देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 में भी इस फि ल्म की आधिकारिक स्क्रीनिंग हो चुकी है। कंबोडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 में इस फिल्म को स्पेशल जूरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ताशकंद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 के लिए भी यह फि ल्म चयनित हुई है। ढाई आखर जे पी अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत और रिलीज की जा रही है और देशभर के सिनेमाघरों में 22 नवम्बर को आगाज के लिए तैयार है।

# दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने सरोजिनी नगर में दुनिया के पहले महिला बस डिपो 'सखी डिपो' का उद्घाटन किया

## *'सखी डिपो' सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया अध्याय है

**नयी दिल्ली, 16 नवंबर 2024** दिल्ली के परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत ने आज सरोजिनी नगर में दुनिया के पहले महिला बस डिपो 'सखी डिपो' का उद्घाटन किया। विश्व स्तर पर यह अपनी तरह का पहला अभूतपूर्व पहल है। सखी डिपो में ड्राइवर और कंडक्टर सहित सभी कर्मचारी महिलाएँ ही होंगी। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, श्री कैलाश गहलोत ने महिला कार्यबल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहाः 'सखी डिपो' न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान परिवहन क्षेत्र में महिलाओं द्वारा सभी बाधाओं को तोड़ने का एक प्रमाण भी है। यह डिपो बस शुरूआत है; हमारा लक्ष्य 'सखी' पहल के तहत दिल्ली भर में ऐसे कई डिपो स्थापित करना है, जो पूरे देश में महिलाओं को समान अवसर प्रदान करें और उन्हें प्रेरित करें।"




**'सखी डिपो' की विशेषताएं**

सरोजिनी नगर सखी डिपो में कुल 223 महिला कार्यबल हैं, जिनमें 89 ड्राइवर और 134 कंडक्टर शामिल हैं। डिपो 70 बसों का बेड़ा संचालित करता है, जिसमें 40 वातानुकूलित (एसी) और 30 गैर-एसी बसें शामिल हैं, जो दिल्ली भर में 17 मार्गों पर सेवा प्रदान करती हैं।

**'सखी डिपो तक का सफर**

'सखी डिपो' की स्थापना परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत का पुराना सपना था। हालाँकि, इस सपने को हकीकत में बदलने का सफर कई चुनौतियों से भरा रहा।

एक महत्वपूर्ण बाधा महिला ड्राइवरों के लिए ऊंचाई की आवश्यकता थी। 159 सेमी की मूल न्यूनतम ऊंचाई की आवश्यकता के कारण कई महिलाएँ ड्राइवर नहीं बन पा रही थीं। परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत के प्रयासों से फरवरी 2022 में ऊंचाई की आवश्यकता को घटाकर 153 सेमी कर दिया गया। महिला ड्राइवरों की सुविधा के लिए, बसों को पावर स्टीयरिंग, समायोज्य सीटों और स्टीयरिंग विकल्पों से सुसज्जित किया गया।

भारी मोटर वाहन (एचएमवी) लाइसेंस प्राप्त करने की चुनौती से निपटने के लिए, दिल्ली सरकार ने मिशन परिवर्तन शुरू करने के लिए अप्रैल 2022 में अशोक लीलैंड के साथ साझेदारी की। इस पहल के अन्तर्गत दिल्ली सरकार और अशोक लिलैंड द्वारा महिला ड्राइवरों के लिए मुफ्त प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित हुई।

ट्रेनिंग के बाद 11 महिला ड्राइवरों का पहला बैच अगस्त 2022 में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) में शामिल हो गया। समय के साथ, महिला ड्राइवरों की संख्या बढ़ती गई, वर्तमान मे 89 महिला ड्राइवर डीटीसी में बस चला रहीं हैं।

***'सखी डिपो' का ऐतिहासिक महत्व***

पहले सरोजिनी नगर डिपो के नाम से जाना जाने वाला सखी डिपो दिल्ली के परिवहन इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। अप्रैल 1954 में उद्घाटन किया गया यह दिल्ली का पहला बस डिपो था। महान स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू के नाम पर बनाया गया यह डिपो प्रगति और सशक्तिकरण का प्रतीक है।

दिलचस्प बात यह है कि दिल्ली की पहली महिला बस ड्राइवर श्रीमती वंकदावथ सरिता ने 10 अप्रैल, 2015 को डीटीसी जॉइन किया और सरोजिनी नगर डिपो से अपनी यात्रा शुरू की।

**'सखी' पहल का भविष्य**

सखी डिपो दिल्ली भर में महिला डिपो बनाने की व्यापक दृष्टि में पहला कदम है। ये डिपो 'सखी' पहल के अंतर्गत आएंगे, जिसका उद्देश्य कार्यबल में महिलाओं को सशक्त बनाना और सार्वजनिक परिवहन में समान अवसर प्रदान करना है।

'सखी डिपो' के लॉन्च के साथ, दिल्ली ने न केवल लैंगिक समानता की दिशा में एक साहसिक कदम उठाया है, बल्कि दुनिया भर के शहरों के लिए एक मिसाल कायम की है।

# भाजपा की सरकारें बढ़ा रहीं दिल्ली में वायु प्रदूषण, प्रतिबंध के बावजूद बीएस-4 की डीजल बसें भेज रही दिल्ली- गोपाल राय

**नई दिल्ली।** 16 नवंबर 2024 दिल्ली सरकार दिल्ली को वायु प्रदूषण मुक्त करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज ग्रेप -3 के नियम को सख्ती से लागू करवाने के लिए कश्मीरी गेट आईएसबीटी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ ट्रांसपोर्ट विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कश्मीरी गेट अंतरराज्यीय बस टर्मिनल के औचक निरीक्षण के बाद गोपाल राय ने कहा कि आसपास के राज्यों से प्रतिबंध के बाद भी बीएस 4 बसें बस अड्डे पर आ रही है। ट्रांसपोर्ट विभाग की एनफोर्समेंट टीम ने आज हरियाणा और उत्तराखंड सरकार के बीएस -4 की डीजल बसों का चालान किया। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण भाजपा की सरकारें बढ़ा रही है और वो प्रतिबंध होने के बावजूद बीएस -4 की डीजल बसों को उनके द्वारा दिल्ली भेजा जा रहा है। गोपाल राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की सरकारें जान बूझ कर दिल्ली का प्रदूषण बढ़ाने के लिए डीजल बसें भेज रहे हैं, जो प्रतिबंधित है। गोपाल राय ने कहा कि वास्तव में दिल्ली में जो प्रदूषण है ,सी एस ई के रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के स्रोतों का योगदान



30 प्रतिशत है और शेष एनसीआर के जिलों का योगदान है। दिल्ली सरकार दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए समर एक्शन प्लान और विंटर एक्शन प्लान बनाकर कर पुरजोर प्रयास कर रही है लेकिन पड़ोसी भाजपा की सरकार दिल्ली में प्रदूषण बढ़ा रही है। प्रतिबंध होने के बावजूद बीएस -4 की डीजल बसों को दिल्ली भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आनंद विहार में उत्तरप्रदेश से डीजल की बसें आ रही है जिससे वहां प्रदूषण बढ़ रहा है। दिल्ली में हरियाणा से , राजस्थान से ,उत्तरप्रदेश से डीजल की बसें आ रही हैं। बस अड्डे का औचक निरीक्षण के दौरान पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने वहां पर बाहर से आनी वाली बसों की जांच किया और जांच में पाया कि कुछ बीएस -4 की बसों का दिल्ली में अभी भी प्रवेश हो रहा है। उन्होंने परिवहन विभाग को इसके लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध को लागू कराने के लिए परिवहन विभाग के 84 टीम और ट्रैफिक पुलिस की 280 टीम लगायी गयी है। गोपाल राय ने कहा कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए बीएस क्क्कपेट्रोल और बीएस क्श डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के चलने पर प्रतिबंध लगाया गया है , साथ ही बीएस-3 स्टैंडर्ड या इससे नीचे के दिल्ली रजिस्टर्ड डीजल मीडियम गुड्स वीकल (एमजीवी) दिल्ली में नहीं चल सकेंगे। बीएस-3 और इससे नीचे के डीजल एल सी वी मीडियम गुड्स करियर जो दिल्ली के बाहर रजिस्टर्ड हैं, उन्हें दिल्ली में नहीं आने दिया जाएगा। जरूरी सामान और सेवा से जुड़े वाहनों को इसमें छूट है। एनसीआर से आने वाली इंटरस्टेट सिर्फ इलेक्ट्रिक बसों, सीएनजी बसों और बीएस-6 डीजल बसों को आने की छूट दी गई है। अगर इसका कोई उल्लंघन करता है तो 20,000 रुपया जुमार्ना लगाया जाएगा।

# अमीर जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द ने कार्यकताओं से संगठन और मुस्लिम समुदाय से परे बड़े समाज तक पहुंचने का आह्वान किया






**हैदराबाद, 16 नवंबरः** हैदराबाद में तीन-दिवसीय अखिल भारतीय सदस्य सम्मेलन के दूसरे दिन जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के कैडर सम्मेलन में अपने अध्यक्षीय भाषण में जमाअत के अमीर (अध्यक्ष) सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने सदस्यों से अपने संगठनात्मक दायरे और मुस्लिम समुदाय से आगे बढ़कर अपनी पहुंच बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने बड़े समाज तक पहुंचने के लिए "RISE" नामक शब्द का प्रयोग किया जिसका विस्तार है - R = Reach out (संगठन से परे जुड़ाव बढ़ाना), I = Individual Contribution (व्यक्तिगत पहुंच, सुधार और सेवा पर ध्यान केंद्रित करना), S = Shift in Public Opinion (सार्वजनिक धारणा में सकारात्मक बदलाव लाना) और E = Engagement (उस पहुंच को बढ़ाने के लिए व्यापक मुस्लिम समुदाय को शामिल करना)। सैयद सआदतुल्लाह ने घोषणा की, "आइये हम आने वाले वर्ष 2025 को RISE का वर्ष बनाएं। जमाअत के अध्यक्ष ने सदस्यों और कार्यकताओं के असीम उत्साह और बलिदान को स्वीकार किया तथा इन विशेषताओं को आंदोलन की अमूल्य संपत्ति बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सच्ची सफलता धन या संसाधनों से नहीं बल्कि गुणी और मजबूत पीढ़ियों के पोषण से मापी जाती है। उन्होंने बताया कि एसआईओ और जीआईओ जैसे संगठन इस्लामी सिद्धांतों पर आधारित नेतृत्व को बढ़ावा देकर इस पीढ़ी-निर्माण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सैयद सआदतुल्लाह ने एक सुदृढ़ भविष्य के निर्माण के लिए एक बड़े प्रयास के रूप में युवा और छात्र संगठनों को पोषित करने और समर्थन देने पर तत्काल ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने आंदोलन में महिलाओं के बढ़ते योगदान की सराहना की तथा कहा कि उच्च शिक्षा स्तर और तकनीकी प्रगति के कारण उनकी भूमिका में काफी विस्तार हुआ है।

# आम के बाग में मिले गोवंशीय पशुओं के अवशेष, ग्रामीणों में भारी रोष, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने दिया अल्टीमेटम

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को गजरौला हसनपुर मार्ग पर स्थित प्याऊ से जाने वाले याकूबपुर मार्ग पर चमन पुत्र शंकर सिंह के आम के बाग में से बदबू उठ रही थी वही कुत्तों द्वारा गड्ढा में दवे हुए गोवंश के अवशेषों को खींचकर नोच कर खाया जा रहा था, इसी बीच बदबू के चलते मार्ग से गुजर रहे ग्रामीणों ने गांव में जाकर इसकी सूचना दी खबर मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने भी मौके पर पहुंचकर अज्ञात गोवंशीय पशुओं की हत्या करने वालों की गिरफ्तारी की मांग शुरू कर दी, वहीं पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी, सूचना पर पहुंचे बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि इस बाग में लगभग दर्जन भर गोवंशीय पशुओं की काटकर हत्या की गई है, तथा सभी के अवशेष गड्ढा खोदकर दवाए गए हैं तथा फिनायल डाली गई है, लेकिन कुत्तों द्वारा गढ़ों में से गोवंशीय पशुओं के अवशेष नोचने पर मामले का खुलासा हुआ है, तथा बजरंग दल के कार्यकताओं ने पुलिस को आरोपियों को गिरफ्तार करने का 24 घंटे का समय दिया है और चेतावनी दी है कि अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो वह धरना प्रदर्शन कर सड़क जाम करने को विवश होंगे, वही इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच चल रही है पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करेगी, वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है, उधर दबी जवान में कुछ लोग ऐसे गोवंशीय पशुओं की हत्या आसपास के क्षेत्र के बाग बगीचों में आए दिन होने की बात कहते हुए नजर आए ' बताते चलें कि इससे पूर्व भी पशु कल्याण समिति के डॉक्टर रुमाल सिंह सैनी ने एक गांव में पशुओं के अवशेष बरामद होने पर पुलिस को



चेताया था लेकिन ऐसी घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं उधर आपको बता दे कि क्षेत्र में गोवंशीय पशुओं की हत्या कर उनके मांस की तस्करी बड़े पैमाने पर की जा रही है जिसको लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल वह गो रक्षा सेवा सीमित आदि द्वारा भारी रोष व्यक्त किए जाने के बाद भी अभी तक गोवंशीय पशुओं की चोरी छिपे से की जा रही हत्या पर रोक नहीं लग पाई है ऐसे में शासन प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहा है ' उधर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पोर्टल के माध्यम से घटना की जानकारी दी है, अब देखना यह है कि क्या पुलिस गौ हत्यारों को गिरफ्तार कर पाती है या नहीं।

# गजरौला में तेज रफ्तार कार की टक्कर से तीन की मौत, विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने हर संभव मदद का दिलाया भरोसा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**गजरौला।** शुक्रवार की दोपहर को गजरौला नेशनल हाईवे पर पशुओं के लिए घास काट कर लौट रही महिलाओं व बालिकाओं को ख्यालीपुर ढाल के निकट एक अनियंत्रित ईको कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें एक महिला और एक किशोरी की हादसे के थोड़ी देर बाद ही मौत हो गई तथा एक किशोरी ने उपचार के दौरान रात्रि को दम तोड़ दिया, जानकारी के अनुसार गजरौला कोतवाली क्षेत्र के गांव ख्यालीपुर ढाल निवासी 48 वर्षीय वीरवती पत्नी विनोद अपनी 18 वर्षीय बेटी आशा व 38 वर्षीय नीतू अपनी 10 वर्षीय बेटी प्राची के साथ गांव की ही 16 वर्षीय आरती पुत्री लखपत सिंह व 10 वर्षीय अंशु पुत्री मुकेश के साथ शुक्रवार को दोपहर के समय पशुओं को लिए चार काट कर घर लौट रही थी सभी के सिर पर घास की गडरिया थी सभी गांव जाने के लिए अनेकांत कॉलेज के पास हाईवे पार कर रही थी, इसी बीच दिल्ली दिशा की ओर से आई एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ईको कार में सभी को रौंद दिया हादसे में



वीरवती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य घायलों को एक एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गजरौला में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया, वही प्राची की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि आरती की भी शुक्रवार की रात उपचार के दौरान मौत हो गई, एक ही गांव में तीन मोतो के बाद परिवार और गांव में मातम पसर गया, वहीं शनिवार को विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने गांव में पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी तथा हर संभव मदद दिलाने का परिजनों को भरोसा दिया, विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने कहा कि आरोपी को बक्सा नहीं जाएगा तथा सरकार द्वारा हर संभव मदद मृतको के परिजनों व घायल के परिजनों को दी जाएगी दिलाई जाएगी, वही गजरौला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि ईको कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मृत्को का पीएम कराया गया है, तथा मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है ' वही तीन ऑन के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# आईजीआरएस सरकार की प्राथमिकताओं में, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो - जिला अधिकारी

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा/ धनोरा।** जिलाधिकारी नीधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में तहसील धनोरा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए । जिलाधिकारी ने कहा कि आइजीआर एस सरकार की प्राथमिकताओं में है चेक किए जाने पर आख्या ठीक से अपलोड नहीं की जा रही है शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण नहीं किया जा रहा है बार-बार निर्देशित किए जाने के बावजूद भी सुधार नहीं हो रहा है कहा कि इसको मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वयं देखा जाता है सरकार की प्राथमिकताओं में है यह इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना किया जाए विभाग के अधिकारी स्वयं आर जी आर एस को देखें बाबू और कंप्यूटर ऑपरेटर के भरोसे ना रंहे । कहा कि जिन ग्राम पंचायत में जिस विभाग की ज्यादा शिकायत आ रही हैं वहां पर विभागीय अधिकारी स्वयं कैंप आयोजित कर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करें और उसकी रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करें इसमें



किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों सहित कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 04 शिकायत का निस्तारण मौके पर हुआ है शेष शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारित कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का शीघ्रता से गुणवत्ता पूर्ण वास्तविकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।शिकायत कर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्टी मिलनी चाहिए, फीडबैक लिया जाय यदि शिकायत कर्ता निस्तारण से संतुष्ट नही है तो वह निस्तारण निष्क्रिय माना जाएगा । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पूर्व में आई शिकायत निस्तारण रजिस्टर को भी देखा और परियोजना निदेशक को शिकायत कर्ता से फोन कर फीडबैक लिए जाने के निर्देश दिया फोन कर फीडबैक लिए जाने पर कुछ शिकायतों में असन्तुष्ट जवाब मिला जिस पर जिलाधिकारी ने गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे उपजिलाधिकारी धनोरा, परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप, तहसीलदार , जिला विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

# खुन खुन जी कालेज मेंअंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया

**लखनऊ /लोकतंत्र की शान /(ब्यूरो देवेंद्र शर्मा )**

**लखनऊ-** खुन खुन जी गर्ल्स महाविद्यालय में उर्दू विभाग की ओर से एक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय था नन्दलाल नैरंग सरहदी शख्सियत और अदाबी खिदमात। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के द्वारा किया गया, तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और शॉल स्मृतिचिन्ह के द्वारा किया गया। उसके बाद डॉ. तकी आबिदी ( कनाडा ) की पुस्तक नन्दलाल नैरंग सरहदी पर का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया एवं संयोजिका प्रो रेशमा परवीन द्वारा उदघाटन सत्र के अध्यक्ष के रूप में प्रो. कमर जहान (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय), मुख्य वक्ता डॉ. तकी आबिदी (कनाडा ) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.अनवर पाशा (जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय ) प्रो. मो. काजिम ( दिल्ली विश्वविद्यालय ) डॉ. अतीक अहमद फारूकी ( पूर्व प्राचार्य मुमताज पी. जी. कॉलेज लखनऊ) एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में प्रो नय्यर






जी का स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में कनाडा से आये हुए डॉ. तकी आबिदी ने नन्दलाल नैरंग सरहदी जी के जीवन की कुछ यादगार घटनाओ को साझा किया। नंदलाल नैरंग सरहदी द्वारा लिखा गया साहित्य जो उर्दू अरबी और फारसी के साथ साथ पश्तो की जुगलबंदी की बेहद खूबसूरत मिसाल है। पुस्तक-तामीरे बका जो 1100 पृष्ठों में प्रकाशित हुई है और तत्पश्चात यह मौजूदा समीक्षित पुस्तक जो कि नैरंग सरहदी के व्यक्तित्व और फन यानी कृतित्व पर है। कनाडा में रह रहे विद्वान डॉ सैयद तकी आबिदी ने अपनी कलम से नैरंग सरहदी व उनके रचना संसार और व्यक्तित्व को नए आयामों के साथ पेश किया है। कुल तीन सौ पृष्ठों में पाठकों के सामने इस बेमिसाल शायर को पुख्ता अंदाज में उकेरा गया है। इस बात का अंदाजा पाठक लगा सकता है की अजीम शायर ने 500 के करीब गजलें नज्में,कतआत, मसनवियातऔर रूबाईयत से गुलिस्तान -ए-उर्दू को रंगीन कर दिया। नैरंग सरहदी की रचनाओं में अविभाजित भारत की यादें, बाद में दिल्ली और रेवाड़ी की बदलती हुई परिस्थितियों, लोगों के साथ साथ प्रशासन और मनोदशा के संजीदा और संवेदनाओं को झकझोरते प्रश्न उठाए गए हैं। "गजल में जात भी है और कायनात भी है,। हमारी बात भी है और तुम्हारी बात भी है।" सेमिनार के तकनीकी सत्र की अध्यक्षता लुआक्टा अध्यक्ष मनोज पांडेय तथा सह अध्यक्षता प्रो. दिलशाद अहमद अंसारी (प्राचार्य अमीरुदौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज) एवं प्रो नसीम अहमद सिद्दिकी (प्राचार्य मुमताज पी जी कॉलेज) द्वारा की गईक इस सत्र में लगभग 15 शोध पत्र विश्वविद्यालय एवम विभिन्न महाविद्यालयों से आए हुए शिक्षको एवम शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन प्रो. रेशमा परवीन एवम सह संयोजन प्रो. चेतना सामंत द्वारा किया गया ,और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं एवम शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सहयोग किया। यह संपूर्ण सेमिनार महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया के निर्देशन में संपन्न हुई।

# ठाकुरगंज क्षेत्र में अस्करी अपार्टमेंट के तीसरे फ्लोर पर डॉक्टर के फ्लैट में लगी आग

**लखनऊ /लोकतंत्र की शान (ब्यूरो देवेंद्र शर्मा )**

**लखनऊ।** ठाकुरगंज इलाके में एरा मेडिकल कॉलेज के बगल में स्थित अस्करी अपार्टमेंट के तीसरे फ्लोर पर डॉक्टर के फ्लैट में आग लग गई। आग की लपटें देख आसपास के लोगों ने दमकल और पुलिस को सूचना दी। डॉक्टर ने हिम्मत दिखाते हुए आग में फंसे परिवार के चारों सदस्यों को बाहर निकाला। वहीं दमकल कर्मियों ने तीन गाड़ियों की मदद से करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। इस दौरान गृहस्थी का सारा सामान जल गया। गनीमत रही कि आग किचन तक नहीं पहुंची, अन्यथा सिलेंडर भी ब्लास्ट हो सकता था।

**एक घंटे में आग पर पाया गया काबू**--------------------

अस्करी अपार्टमेंट के तीसरे फ्लोर पर डॉ. निखिल परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार रात करीब 11 बजे खाना खाकर सब लोग लेटे ही थे, कि एक कमरे से आग की लपटें और धुआं उठते हुए देखा। जिसे देख डॉ. निखिल ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद अपार्टमेंट में अफरातफरी का माहौल बन गया।

डॉक्टर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए पूरे परिवार को किसी तरह बाहर निकाला। दूसरी तरफ आसपास के लोगों आग पर काबू पाने के लिए पानी डालना शुरू किया, मगर लपटें और तेज होती चली गईं। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड चौक पुष्पेंद्र यादव ने तीन दमकल की गाड़ियों से पानी की



बौछार कर करीब एक घंटे में आग को बुझा लिया।

**सिलिंडर फटने से बचा**-------------------

ठाकुरगंज प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि आग को समय पर काबू पाने के आग किचन तक नहीं पहुंची। जिससे सिलिंडर आग की चपेट में नहीं आया और उसको बाहर निकाल लिया गया। आग बुझाने के दौरान पानी खत्म हो गया। ऐसे में दमकल ने एरा मेडिकल कॉलेज से पानी लिया। फ्लैट में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 17 शिकायतों में से मात्र एक का हुआ निस्तारण

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को शासन की मनसा अनुसार लगाए जा रहे संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम व सी ओ ने फरियादियों की फरियाद सुनी, मौके पर मात्र 17 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया वहीं अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधितों को आदेशित किया गया, बताते चलें कि नगर के ब्लॉक परिसर में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सुनीता कुमारी वह पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत वह तहसीलदार मूसाराम सिंह ने फरियादियों की फरियाद सुनी, जिसमें राजस्व विभाग की पांच, पुलिस विभाग की पांच, विद्युत विभाग की चार, चकबंदी विभाग की दो वह एक अन्य शिकायत सहित मात्र 17 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से एक का निस्तारण कर दिया गया, इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों सहित संबंधित हल्का लेखपाल वह संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।






माघ माह में फागुन का अहसास... 43 वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर राधा-कृष्ण का फूलों की होली खेलते हुए बड़ा ही मनमोहक दृश्य यूपी के कलाकारों द्वारा दशार्या गया। जिसे देखने से लगा कि माघ माह में फागुन आ गया हो। फोटोः भूपिंदर सिंह

# विकास के बैरियर से अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला राज्य बना यूपी-योगी आदित्यनाथ






**नई दिल्ली, 16 नवंबर।** 2017 -18 से पहले उत्तर प्रदेश को भारत के विकास का बैरियर माना जाता था, जहां निराशा और हताशा का माहौल था। लेकिन आज वही यूपी देश के एमएसएमई सेक्टर का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। यूपी अब बैरियर से अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला राज्य बनकर उभरा है। ये बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में यूपी पवेलियन के शुभारंभ के अवसर पर कहीं। योगी आदित्यनाथ ने पूर्व की सरकारों पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पहले विकास से अछूता था। भारत के विकास का बैरियर माना जाता था। लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। 96 लाख सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम के जरिए यूपी अब देश के एमएसएमई सेक्टर का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ होने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। यूपी को 40 लाख करोड़ तक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार वर्ष 2018 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से एक जिला, एक उत्पाद को वैश्विक मंचों पर प्रोत्साहित कर रही है। सरकार ओडीओपी के जरिए न केवल यूपी के लाखों उद्यमियों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाई है बल्कि इसके जरिए करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार से जोड़ने में भी पूर्णतया सफल रही है। उन्होंने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला एशिया का सबसे बड़ा व्यापार मेला है। इसमें भारत के सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यमियों को अपने उत्पादों को पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पिछले साल से ही यूपी के उत्पादों को ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए भी प्रमोट कर रही है। जिसमें 2 हजार से अधिक भारतीय प्रदर्शकों के अलावा बड़ी संख्या में विदेशी उद्यमी भी शामिल होते हैं। इस बार हुए आयोजन में यूपी के उद्यमियों को 10 हजार करोड़ तक के आर्डर मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत मंडपम में आयोजित हो रहे व्यापार मेले में यूपी पवेलियन में ओडीओपी के तहत अलग अलग जिलों के उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। उन्होंने मेरठ के खेलकूद के समानों से लेकर बनारस की सिल्क साड़ियां, लखनऊ की चिकनकारी, मुरादाबाद के ब्रॉस समेत कई उत्पादों का जिक्र भी किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के सहयोग के चलते आज एमएसएमई उद्यमियों के पास आर्डर की कमी नहीं है। सरकार इन उद्यमियों को उत्पादों की डिजाइनिंग, पैकेजिंग समेत इस तरह के व्यापार मेले के आयोजन के जरिए लगातार प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री ने व्यापार मेले को यूपी के उद्यमियों के बेहतरीन अवसर बताते हुए आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।




उत्तर प्रदेशराज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने सहारनपुर प्रवास के दौरान स्पर्श दृष्टिबाधित राजकीय बालिका विद्यालय, कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सपना विजय कश्यप एवं श्रीमती संगीता जैन जी उपस्थित रही।

# विद्युत बिल अदायगी ना करने पर अंसल प्रॉपर्टीज को जारी हुआ नोटिस

**लोकतंत्र की शान /संवाददाता लखनऊ।** धर्मेंद्र सक्सेना अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मे० अंसल प्रापर्टीज एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि०. सुशान्त गोल्फ सिटी, हाईटेक सिटी, हाईटेक टाउनशिप, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ में निवास कर रही जनता को सूचित किया जाता है कि मे० अंसल प्रापर्टीज एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि० का माह नवम्बर, 2024 के वर्तमान रू0 3.68 करोड़ में माह अक्टूबर, 2024 तक बकाया रू0 6.04 करोड़ को सम्मिलित करते हुए कुल बकाया रू0 9.72 करोड़ है। मे० अंसल के प्रबन्धन को कई बार लिखित एवं दूरभाष पर विद्युत बिल की बकाया धनराशि जमा किये जाने हेतु एवं विद्युत बिल की बकाया धनराशि जमा न करने की स्थिति में विद्युत संयोजन को विच्छेदित किये जाने की बाध्यता से अवगत कराया जा चुका है। प्रबन्धन बार-बार बकाया धनराशि जमा करने का आश्वासन देता रहा, परन्तु बकाये का पूर्ण भुगतान अद्यतन तिथि तक भी नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में पुनः मे० असंल से दिनांक 19.11.2024 तक बकाया धनराशि जमा किये जाने हेतु अवगत कराते हुए विद्युत विच्छेदन नोटिस दिया गया है। उक्त दिनांक तक यदि बकाया धनराशि जमा नहीं की जाती है तो दिनांक 20.11.2024 को मे० असंल के विद्युत संयोजन का विच्छेदन किये जाने हेतु विद्युत विभाग की बाध्यता होगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी मे० अंसल की होगी।

# प्रयागराज महाकुम्भ 2025 के स्वागत में लखनऊ में बना भव्य सेल्फी प्वाइंट

**लखनऊ, 16 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजधानी के अति महत्वपूर्ण 1090 चौराहे पर उत्तर प्रदेश के सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय द्वारा भव्य 'महाकुम्भ सेल्फी प्वाइंट' का निर्माण किया गया है। यह सेल्फी प्वाइंट यहां आने वाले लोगों के बीच उत्सुकता और उत्साह का केंद्र बिंदु बना हुआ है। सेल्फी प्वाइंट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कट आउट के साथ ही महाकुम्भ का विशाल लोगो और महाकुम्भ के दौरान होने वाले विशेष स्नान पर्वों की तारीखों का भी उल्लेख किया गया है। महाकुम्भ सेल्फी प्वाइंट का निर्माण श्रद्धालुओं और आगंतुकों को आगामी महाकुम्भ 2025 के महत्व से परिचित कराने और इस आयोजन के प्रति आकर्षण बढ़ाने




के उद्देश्य से किया गया है। बता दें कि प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व महाकुम्भ आयोजित होने जा रहा है। हर 12 वर्षों में आयोजित होने वाले इस महाकुम्भ में दुनियाभर के सनातनधर्मी, साधु-संत और अखाड़े गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम में स्नान कर पुण्य अर्जित करते हैं।

# हरियाणा

# हरियाणा के गुरुग्राम अस्पताल का नाम श्री गुरु नानक देव जी के नाम पर किया गया : नायब सैनी

## मुख्यमंत्री ने सिरसा में 77 एकड़ भूमि गुरुद्वारे के नाम करने का निर्णय, प्रदेश की आर्थिक खुशहाली और समृद्धि की कामना की

चंडीगढ़, नवबर : सरकार ने 14 नवंबर को विधानसभा सत्र में गुरुग्राम में लगभग 1000 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे 700 बैड के सरकारी अस्पताल का नामकरण श्री गुरू नानक देव जी के नाम पर करने का फैसला किया है। इसके अलावा प्रकाश पर्व पर किसानों को 300 करोड़ रुपए की बोनस की दूसरी किस्त जारी की है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला के गुरुद्वारा नाडा साहिब में मत्था टेकने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सदैव किसान व समाज हित में कार्य कर रही है। सिरसा में चिल्ला साहिब गुरुद्वारा की 77 एकड़ भूमि भी गुरूघर के नाम करने का निर्णय लिया है। इस भूमि की लगातार मांग चली आ रही थी। श्री गुरु नानक देव जी इस भूमि पर आए और 40 दिन तक लगातार तपस्या की इसलिए सरकार ने यह भूमि गुरूद्वारे को सौंप दी। यह हम सब के लिए बड़े गौरव की बात है। एचएसवीपी के 7000 प्लाट धारकों की इनहांसमेंट समस्याओं का निवारण करने के लिए आज पोर्टल लॉन्च किया गया। यह पोर्टल लगातार 6 माह तक खुला रहेगा और इनकी समस्याओं का निवारण करेगा।



हरियाणा के मुख्यमंत्री प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा नाडा साहिब पंचकूला में माथा टेकते हुए।

### भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए बनाए जाएंगे मृदा कार्ड

**इसके** अलावा किसानों को उनकी भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने की जानकारी देने के लिए मृदा कार्ड बनाए जाएंगे। हर तीन साल के बाद किसानों की भूमि के मृदा कार्ड बनाए जाते हैं। अब 40 लाख किसानों के मृदा कार्ड बनाकर जारी किए जाएंगे, जो किसानों को भूमि की उत्तम स्वास्थ्य की जानकारी देगा। आज वे गुरुद्वारा नाडा साहिब में प्रदेश के नागरिकों की खुशहाली और समृद्धि की कामना करने के लिए आए है। चंडीगढ़ में विधानसभा भवन बनाने के लिए मिलने वाली भूमि को लेकर कहा कि पंजाब सरकार किसानों के हित में निर्णय ले तो सही होगा। साथ ही किसानों की फसल खरीदने का कार्य भी करे। पंजाब सरकार अपनी कमियां छुपाने और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ऐसा कार्य कर रही है। यदि कांग्रेस सरकार लोगों के हित में निर्णय लेती तो हरियाणा में लोग उन्हें हराने का कार्य नहीं करते। इसी प्रकार पंजाब के लोग आप सरकार के लिए भी ऐसा ही कार्य करेंगे। श्री गुरू नानक देव जी ने सदियों पहले मानवता को किरत करो, नाम जपो और वंड छको का पाठ पढ़ाया। बाबा नानक की वाणी और शिक्षा को सरकार ने सर्वोपरि माना है। आध्यात्मिक बोध, सांसारिक समृद्धि और सामाजिक समरसता के लिए श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को सदा याद किया जाता रहेगा। इस मौके सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हरियाणा के चेयरमैन बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि हरियाणा सरकार बधाई की पात्र है, जिन्होने किसान हित में अनेक निर्णय लिए है। इसके अलावा श्री गुरु नानक देव जी के नाम पर अस्पताल का नाम और सिरसा गुरुद्वारे की भूमि सौंपने का नेक कार्य किया है। इस अवसर पर विधायक रणधीर पनिहार, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## एक साल में टमाटर के दाम 161, आलू के 65 और प्याज के 52 प्रतिशत बढ़े : कुमारी सैलजा

### कहा–भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, नशा और अपराध हुआ बेलगाम

### खाद्य तेल के भावों में एक माह में हुई 8 प्रतिशत की वृद्धि

चंडीगढ़, नवबर : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि धर्म की राजनीति में उलझी भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी, नशा और अपराध पर कोई नियंत्रण नहीं है ये सभी बेलगाम होकर लोगों के सपनों को लील रही है। एक साल में टमाटर के दाम 161 प्रतिशत, आलू के 65, और प्याज के दामों में 52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक माह में खाद्य तेलों के दाम 8 प्रतिशत तक बढ़ गए। महंगाई ने रसोई का बजट ही बिगाड़ कर रख दिया है और सरकार है कि हाथ पर हाथ रखे हुए बैठी हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि खाद्य तेल के भावों में एक माह में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मूंगफली तेल के दामों में तेजी देखी जा रही है, सरसों तेल के दाम 2.5 प्रतिशत, वनस्पति तेल के दाम 5 प्रतिशत, सोया तेल के दाम 05 प्रतिशत, सूरजमुखी तेल के दाम में 5 प्रतिशत और पाम ऑयल के दाम में सर्वाधिक 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चाय के दामें भी 03 प्रतिशत बढ़े हैं। एक साल में टमाटर के दाम 161 प्रतिशत, आलू के 65, और प्याज के दामों में 52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सब्जी आढ़तियों का कहना है कि टमाटर और प्याज आम आदमी की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। सब्जियों के बढ़े हुए दाम ने रसोई का जायका बिगाड़ कर रख दिया हैं। रसोई पर पड़ रही महंगाई की मार ने आम आदमी का बजट पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। बाजार में सब्जी खरीद कर आई महिलाएं सब्जी के बढ़े हुए दामों से परेशान नजर आई।



कुमारी सैलजा

कुमारी सैलजा ने कहा कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली अदरक 280 रुपए किलो और हरा धनिया 300 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। सब्जियों के दाम इतने ज्यादा हैं कि कुछ भी खरीदना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि लहसुन भी अब 100 रुपये पाव बिक रहा है। आलू भी 35-50 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई ने एक बार फिर से फन फैलाना शुरू कर दिया है। अक्टूबर के महीने में देश की खुदरा महंगाई के आंकड़े एक बार फिर से बढ़ गए है और 14 महीने के हाई पर पहुंच गए हैं। सितंबर के मुकाबले में खुदरा महंगाई के आंकड़ों में 0.72 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। जिसके बाद देश में रिटेल महंगाई आरबीआई के टॉललेंस लेवल 6 फीसदी से ऊपर पहुंच गई है।

ग्रामीण महंगााई भी बढ़कर 6.68 फीसदी हो गई, जो सितंबर में 5.87 फीसदी थी, जबकि शहरी महंगाई पिछले महीने के 5.05 प्रतिशत से बढकर 5.62 फीसदी हो गई। रॉयटर्स के एक सर्वेक्षण में अनुमान लगाया गया था कि अक्टूबर में भारत की महंगाई दर 6 प्रतिशत के करीब पहुंच जाएगी, अनुमान है कि यह 5.81 फीसदी होगी. हालांकि, यूबीएस को उम्मीद थी कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 6.15 प्रतिशत तक चढ़ जाएगा, जो आरबीआई की टॉलरेंस लेवल 6 प्रतिशत से अधिक होगा।

## गृह मंत्रालय ने महिला बटालियन की स्थापना को दी मंजूरी

चंडीगढ़, नवंबर : देश में महिलाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी भूमिका बढ़ाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए गृह मंत्रालय ने सीआईएसएफ की पहली महिला बटालियन की स्थापना को मंजूरी दी है। सीआईएसएफ उन महिलाओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प रहा है, जो वर्तमान में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में राष्ट्र की सेवा करना चाहती हैं। सीआईएसएफ में महिला बलकर्मियों की संख्या 07 प्रतिशत से अधिक है। महिला बटालियन के गठन से देशभर की महत्वाकांक्षी युवा महिलाओं को सीआईएसएफ में शामिल होने और राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इससे सीआईएसएफ में महिलाओं को एक नई पहचान मिलेगी। सीआईएसएफ मुख्यालय ने नई बटालियन के लिए शीघ्र भर्ती, प्रशिक्षण और मुख्यालय के स्थान के चयन के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। प्रशिक्षण को विशेष रूप से डिजाइन किया जा रहा है। जिससे एक विशिष्ट बटालियन बनाई जा सके और बल की महिलाओं को वीआईपी सुरक्षा में कमांडो के रूप में, हवाई अड्डों की सुरक्षा, दिल्ली मेट्रो रेल सुरक्षा जैसे विविध कर्तव्यों स्थलों पर सुरक्षा सेवा प्रदान करने के लिए सक्षम बनाया जा सके। 53वें सीआईएसएफ दिवस समारोह पर केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशों के अनुसरण में, बल में महिला बटालियनों के सृजन की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

## गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव की देश व प्रदेशवासियों को बहुत-बहुत बधाई: बंडारू दत्तात्रेय

चंडीगढ़, नवंबर : हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाणा और देश के लोगों को श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रथम सिख गुरु श्री गुरु नानक देव की अनमोल शिक्षाओं का अनुसरण करने का आहवान किया। श्री गुरु नानक देव ने जिस मानव जाति का पाठ हमें सिखाया, उसी पर चलते हुए हमें मानवता और राष्ट्र की सेवा में निरंतर चलते रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि श्री गुरु नानक देव की शिक्षाएं प्रेम, समानता और करुणा के मार्ग को रोशन करती हैं। उनका जीवन हमें विनम्रता अपनाने, मानवता की सेवा करने और भेदभाव से मुक्त सामंजस्यपूर्ण समाज की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। इस पवित्र अवसर पर दत्तात्रेय ने लोगों से समाज में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए श्री गुरु नानक देव के सिद्धांतों का पालन करने का आग्रह किया। श्री गुरु नानक देव का आशीर्वाद हमें सत्य के प्रकाश की ओर ले जाए और मानवता की सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करें।



बंडारू दत्तात्रेय

## उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की नीति पर चल रही है बीजेपी सरकार : हुड्डा

### हरियाणा की 70% आबादी कैसे हुई गरीब, बीजेपी दे जवाब : हुड्डा

चंडीगढ़, नवंबर : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि 10 साल सत्ता में रहने के बावजूद अब तक बीजेपी के पास बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है, जबकि कांग्रेस ने प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, रोजगार देने और कानून व्यवस्था में हरियाणा को नंबर वन राज्य बनाया था। ऐसे में 10 साल पहले की कांग्रेस सरकार पर बीजेपी आज सवाल उठा रही है। ये तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात हो गई है। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हरियाणा को विकास में नंबर वन बनाया था। जबकि भाजपा ने गरीबी में नंबर वन बना दिया है। खुद सरकारी आंकड़े बताते हैं कि आज हरियाणा की 70% आबादी गरीबी रेखा से नीचे पहुंच गई है। यह बीजेपी सरकार की नाकामी का स्पष्ट रिपोर्ट कार्ड है। बीजेपी को बताना चाहिए कि उसके विकास के दावों और किसानों की डबल आय के वादों का क्या हुआ? अगर भाजपा कार्यकाल में विकास हुआ है तो फिर इतनी बड़ी आबादी गरीब कैसे हो गई?

राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए हुड्डा ने कहा कि उसमें ना किसी तरह का विजन था और ना ही भविष्य के लिए कोई रोड मैप था। सरकार ने नई बोतल में पुरानी शराब पेश की है। अभिभाषण पर चर्चा में मुख्यमंत्री ने जो जवाब दिया वह भी जनता और विपक्ष के सवालों को संतुष्ट करने वाला नहीं था। उदाहरण के तौर पर, सरकार का कहना है कि प्रदेश में डीएपी की कोई कमी नहीं है। अगर ऐसा है तो फिर किसानों की इतनी लंबी-लंबी कतारें क्यों लगी हुई है? क्यों एक-एक बैग खाद के लिए किसानों को इतना इंतजार करना पड़ रहा है। सच्चाई यह है कि सरकार ने समय रहते खाद का स्टॉक नहीं रखा। सरकार के पास एक लाख मिट्रिक टन का स्टॉक होना चाहिए था। लेकिन उसके पास सिर्फ 53000 मिट्रिक टन का ही स्टॉक था। यही वजह है कि बीजेपी राज में थानों के भीतर खाद बंटती है। भविष्य में यूरिया को लेकर भी सरकार की कोई तैयारी नजर नहीं आ रही और आशंका है कि जब किसानों को यूरिया की जरूरत पड़ेगी, तब भी यही हाल होगा। किसानों की समस्याओं का समाधान करने की बजाय सरकार पराली का बहाना लेकर उन पर केस और जुमार्ना थोप रही है, जबकि सरकार को पराली की एमएसपी निर्धारित करके उसकी खरीद करनी चाहिए और किसानों पर कार्रवाई करने की बजाय उन्हें इस समस्या का समाधान देना चाहिए।

भर्ती घोटालों पर बोलते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि उन्होंने बाकायदा विधानसभा में एक व्हाट्सएप चैट साझा की थी। उस वक्त सरकार ने उसकी जांच की हांमी भरी थी। लेकिन आज तक जांच नहीं हुई। एचपीएससी के कार्यालय में डिप्टी सेक्रेटरी रंगे हाथों लाखों रुपए के साथ पकड़े गए और एचएसएससी के दफ्तर में कई कर्मचारी भर्ती रिजल्ट के साथ छेड़छाड़ करते पकड़े गए। उनसे पूछताछ में स्पष्ट हुआ कि हर भर्ती को लाखों रुपए लेकर बेचा गया। बावजूद इसके सरकार ने इस जांच को आगे नहीं बढ़ाया। ना ही यह बताया कि पूरे मामले में किस अधिकारी पर क्या कार्रवाई हुई है? किसे क्या सजा मिली है और कौन-कौन सी भर्तियों में घोटाले हुए थे? सरकार को बताना चाहिए कि पकड़े गए लोगों ने कौन-कौन सी नौकरियों को पैसे लेकर बेचा था। हरियाणा की अलग विधानसभा के मुद्दे पर हुड्डा ने कहा कि सरकार को चंडीगढ़ पर अपना हक नहीं छोड़ना चाहिए। चंडीगढ़ में 40% हिस्सेदारी हरियाणा की है। इसलिए मौजूदा विधानसभा के साथ ही नई विधानसभा का निर्माण होना चाहिए, ना कि कहीं दूर दूसरी जमीन पर। साथ ही पंजाब के साथ पानी और हिंदी भाषी क्षेत्र के मुद्दे पर भी पुरजोर तरीके से अपनी बात रखनी चाहिए और हरियाणा को उसका हक लेना चाहिए।

### राज्यपाल के अभिभाषण में नही था कोई विजन और रोडमैप : हुड्डा



### राज्यपाल ने लोगों को जनजातीय गौरव दिवस पर दी शुभकामनाएं

**राज्यपाल** ने जनजातीय गौरव दिवस पर हरियाणा और पूरे देश के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनजातीय गौरव दिवस, जो प्रतिवर्ष श्रद्धेय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाया जाता है। यह दिवस स्वतंत्रता संग्राम में भारत के आदिवासी समुदायों के अमूल्य योगदान और बलिदान की याद दिलाता है। जनजातीय समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, साहस और मनोबल की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारत की विविध परंपराओं और मान्यताओं को संरक्षित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जनजातीय गौरव दिवस हमारे आदिवासी नेताओं और समुदायों की बहादुरी और समर्पण का सम्मान करने का अवसर है, जिन्होंने हमारे देश के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को मजबूत करने का काम किया। केंद्र ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 15 नंवबर 2024 से 15 नंवबर 2025 तक वार्षिक समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया है, जो सराहनीय और जनजातीय समुदाय के लिए गौरव की बात है। 150वीं जयंती वर्ष के दौरान देशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को भगवान बिरसा मुंडा के उत्पीड़न व शोषण के खिलाफ प्रतिरोध व संघर्ष के जीवन को जानने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार आदिवासी समुदायों के कल्याण और उत्थान को बढ़ावा देने, सबका साथ-सबका विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप समावेशी विकास और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं से भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों से प्रेरणा लेने, राज्य और देश भर में सद्भाव, एकता और समृद्ध आदिवासी विरासत के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

## कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने किया अग्रोहा मैडीकल में धर्मशाला का लोकार्पण

### बोले-बाऊजी ओपी जिंदल का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा, अग्रोहा मैडीकल के विकास के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध



धर्मशाला का लोकार्पण करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा।

हिसार, नवंबर : महाराजा अग्रसेन मैडीकल कालेज में पूर्व राज्यसभा सांसद लैफ्टिनैंट जनरल डीपी वत्स के सांसद निधि कोष से निर्मित धर्मशाला का लोकार्पण कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने किया। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 50 कमरों के इस नवनिर्मित भवन को जनता को समर्पित करते हुए कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा ने कहा कि स्व बाउजी ओपी जिंदल का पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित जीवन का श्रेष्ठ उदाहरण है और उन्हीं की प्रेरणा से स्थापित यह मैडीकल कॉलेज हरियाणा व पड़ोसी राज्यों को भी अपनी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर हरियाणा का नाम रोशन कर रहा है। उन्होंने कहा कि ओ पी जिंदल जी का हम सब का मार्गदर्शक होना हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा ने धर्मशाला के रखरखाव के लिए 11 लाख रुपये अपने निजी कोष से देने का ऐलान किया।

उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन को आश्वस्त करते हुए कहा कि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार अग्रोहा मैडीकल के विकास के लिए हर संभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है व भविष्य में भी महाविद्यालय के विकास को चार चाँद लगाने के लिए हरियाणा सरकार सदा आगे रहेगी। महाविद्यालय अध्यक्षा व विधायिका हिसार सावित्री जिंदल ने कहा कि अग्रवाल समाज द्वारा सिंचित व सरकार के सहयोग से विकास के पथ पर अग्रसर यह महाविद्यालय चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान व सेवा के क्षेत्र में हर दिन नए आयाम रच रहा है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा जी व जनरल डीपी वत्स हमारा मार्गदर्शन करते रहे हैं और यह धर्मशाला जनरल डीपी वत्स के दृढ़ संकल्प की अमिट छाप है। सावित्री जिंदल ने कहा कि अग्रोहा मैडीकल में ट्रॉमा सैंटर व कैंसर इंस्टीच्यूट लेकर आना हमारी प्राथमिकताएं हैं जिसके लिए वे सरकार से सहयोग की अपेक्षा करती है। उन्होंने अग्रवाल समाज से आह्वान किया कि वे भी अग्रोहा मैडीकल के विकास में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। पूर्व सांसद लैफ्टिनैंट जनरल डीपी वत्स ने कहा कि हरियाणा सरकार व अग्रवाल समाज के प्रयासों से स्थापित व जिंदल परिवार द्वारा संरक्षित महाविद्यालय इस क्षेत्र को स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल की अनुपम देन है। इस अवसर पर ओपी जिंदल सभागार में कैंपस स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए गुरुवाणी का संदेश दिया तो वहीं एमबीबीएस व नर्सिंग के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम कर पंजाब हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को साझा किया। इस दौरान पूरा सदन इन विद्यार्थियों के साथ रखने को मजबूर हो उठा। इस अवसर पर पूर्व मेयर, रोहतक व अग्रोहा मैडीकल के कोषाध्यक्ष मनमोहन गोयल, जनरल सैक्रेटरी पवन गर्ग, ज्वाइंट सैक्रेटरी आर सी गुप्ता, सोसायटी मैंबर जगदीश जिंदल, महाविद्यालय निदेशक डा. अलका छाबड़ा, निदेशक प्रशासन डा. आशुतोष शर्मा, महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, पदाधिकारी व अनेक गांवों के सरपंच व भाजपा हिसार के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा फोड़ा : बड़ौली

### जनहितैषी कार्य के बल पर विधानसभा जीते, निगम चुनाव भी जीतेगी भाजपा, निगम चुनाव को लेकर भी तैयार है भाजपा : पंडित मोहन लाल बडौली









### पार्टी का सम्मान करने वाले कार्यकर्त्ताओं का सम्मान पार्टी की भी प्राथमिकता : पंडित मोहन लाल बडौली

चंडीगढ़/गुरुग्राम, नवंबर : सदस्यता अभियान को लेकर शुक्रवार को गुरुग्राम पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने कहा कि पार्टी का सम्मान करने वाले कार्यकर्त्ताओं का सम्मान पार्टी की भी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने में लगे हैं, जल्दी ही हम सदस्यता अभियान के तय लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। बड़ौली ने कहा कि सदस्यता अभियान का मकसद जनहित के कार्य के लिए संगठन को अधिक से अधिक मजबूत करना है। पार्टी कार्यालय ह्यह्युगुरुकमलह्हह्ह में कार्यकर्त्ताओं की बैठक से पहले पत्रकार वार्ता के दौरान श्री बड़ौली ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा जनता ने विधानसभा चुनाव में फोड़ दिया और अब कांग्रेस का झूठ किसी भी चुनाव में नहीं चलने वाला। बडौली ने दावा किया कि भाजपा नगर निकाय चुनावों के लिए भी तैयार है और कल्याणकारी कार्यों, संगठन शक्ति और जनता के आशीर्वाद से आने वाले हर चुनाव भी भाजपा जीतेगी। बड़ौली ने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता संगठन को तो मजबूत कर ही रहे हैं, साथ ही सरकार द्वारा किए जा रहे एतिहासिक कार्यों को जनता तक पहुंचाकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने में भी मदद कर रहे हैं। बडौली ने कहा कि कांग्रेस झूठ और भ्रम का सहारा लेकर चुनाव लड़ी थी, हरियाणा की जनता ने कांग्रेस के झूठ के गुब्बारे की हवा निकाल दी। प्रेसवार्ता के दौरान श्री बड़ौली ने गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व और गंगा स्नान पर्व की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का संगठन पर्व चल रहा है, 2019 में भाजपा के 33 लाख प्राथमिक सदस्य बने थे, लेकिन इस बार हरियाणा में 50 लाख प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। हरियाणा में 20 हजार से अधिक बूथ हैं और हर बूथ पर 250 नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य कार्यकर्त्ताओं को दिया हुआ है।

### कांग्रेस के पास ना नेता, ना नीति और ना नीयत

**जब** एक पत्रकार ने पूछा कि नेता प्रतिपक्ष के बगैर विधानसभा चल रही है तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के पास नेता नहीं है। उन्होंने कहा कांग्रेस के पास नीति, नेता और नीयत की कमी है। बडौली ने कटाक्ष किया कि निर्दलीय या फिर इनेलो के विधायकों में से कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष चुन लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस घटेगी और भाजपा आगे बढ़ेगी। जनता ने भी देश और प्रदेश को कांग्रेस मुक्त बनाने की ठान ली है। डीएससी समाज पर पूछे गए सवाल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नायब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लागू करके वंचित लोगों को न्याय देने का काम किया है।

### नगर निगम चुनाव जल्द होंगे, भाजपा हर चुनाव जीतेगी

**पत्रकार** के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा एक चुनाव के बाद दूसरे चुनाव की तैयारी में जुट जाती है। सदस्यता अभियान के जरिए हम संगठन को और अधिक मजबूत कर रहे हैं। आने वाले किसी भी चुनाव में भाजपा जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव जल्द ही होंगे और हर चुनाव हम स्पष्ट बहुमत के साथ जीतेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के दरवाजे 24 घंटे खुले रहते हैं। चुनाव के दौरान कुछ लोगों का मन खराब हुआ था और उन्होंने पार्टी छोड़ थी, इसके अलावा कुछ कार्यकर्त्ताओं ने पार्टी में रहते हुए पार्टी विरोधी काम किया ऐसे लोगों की पूरी जानकारी संगठन के पास है। गुरुग्राम में बन रहे मेडिकल कालेज का नाम गुरू नानक के नाम पर रखने के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महापुरूषों और देश भक्तों ने समाज और देश के लिए काम किया है। हम महापुरूषों के ऋणी हैं। मेडिकल कालेज का नाम गुरू नानक के नाम से रखा जाना गर्व की बात है। डीएपी खाद की कमी के सवाल पर उन्होंने कहा कि हरियाणा में कहीं भी डीएपी खाद की कमी नहीं है। कुछ दुकानदारों ने डीएपी के साथ कुछ दवाईयों को बेचने का प्रयास किया था उस पर सरकार ने संज्ञान ले लिया है और अब किसान खुश हैं।

### हर कार्यकर्त्ता पर ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने की जिम्मेदारी

**प्रदेश** अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने गुरुकमल में जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में हुई कार्यकर्ता बैठक में अब तक चले सदस्यता अभियान की समीक्षा की और कार्यकर्त्ताओं से संवाद किया और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की चारों विधानसभाओं में भाजपा ने जीत दर्ज की है। गुरुग्राम जिला में 1504 बूथ है और बूथ की दृष्टि से काफी बड़ा जिला है और अभियान सफलता पूर्वक चल रहा है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्त्ताओं और पदाधिकारियों से जल्दी से जल्दी दिए गए लक्ष्य को पूरा करने का भी निवेदन किया। बैठक में मंच पर प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, जिला प्रभारी संदीप जोशी, जिला अध्यक्ष कमल यादव, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, विधायक तेजपाल तंवर, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी और फरीदाबाद के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्रेस की स्वाधीनता एवं लोकतंत्र की मजबूती को आगे आए नई पीढ़ी के पत्रकार एवं मीडिया कर्मी।

## प्रेस की स्वाधीनता, लोकतंत्र की मजबूती एवं नई पीढ़ी के पत्रकारों एवं मीडिया कमीर्यों की भुमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर संपन्न।

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**
**चंपारण।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन, मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट, भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय शांति दूत सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ. एजाज अहमद अधिवक्ता , डॉ. सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय झारखंड , डॉ. शाहनवाज अली, डॉ अमित कुमार लोहिया ,वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक भारतीय मीडिया पत्रकार संघ सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ अमानुल हक, सामाजिक कार्यकर्ता नविन्दु चतुर्वेदी,पश्चिमी चंपारण कला मंच की संयोजक शाहीन परवीन ने संयुक्त रूप से उन पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने रिपोर्टिंग और कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। दुनिया भर में 2024 में लगभग 100 से अधिक पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों ने अपने कर्तव्य एवं रिपोर्टिंग के दौरान शहीद हुए जिसमें से अधिक पत्रकार एवं मीडिया कर्मी फिलिस्तीन इजराइल युद्ध में मारे गए हैं। दर्जनों पत्रकार घायल एवं लापता है। इस मंच के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ एवं विश्व बिरादरी से पुनः अपील करते हैं कि पत्रकारों, मीडिया कर्मियों, संयुक्त संघ कर्मियों, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं आमजन मानस के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया इसका विषय था" प्रेस की स्वाधीनता लोकतंत्र की मजबूती एवं नई पीढ़ी के पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों की भूमिका"इस अवसर पर, 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, भारत के पहले भारतीय समाचार पत्र के संपादक सह स्वतंत्रता सेनानी मौलवी मोहम्मद बशीर को अंग्रेजों ने निष्पक्ष एवं स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए फांसी दी गई थी। राष्ट्रीय प्रेस दिवस उन राष्ट्रीय अवसर में से एक है जब हम सब मिलकर लोकतंत्र की मजबूती प्रेस की स्वाधीनता पर खुलकर बात करते हैं. यह दिन एक स्वतंत्र और




जिम्मेदार प्रेस की उपस्थिति का प्रतीक है। 16 नवंबर, 1966 को भारत में राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुरूआत पत्रकारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 4 जुलाई 1966 को भारत में प्रेस काउंसिल की स्थापना हुई, जिसने 16 नवंबर 1966 से अपना औपचारिक कार्य प्रारंभ किया। तभी से 16 नवंबर को 'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' के रूप में मनाया जाता है। आज दुनिया के लगभग 50 देशों में प्रेस काउंसिल या मीडिया काउंसिल है। भारत में प्रेस को 'वॉचडॉग' और प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया को 'नैतिक वॉचडॉग' कहा गया है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस हमारा ध्यान प्रेस की स्वतंत्रता और जिम्मेदारियों की ओर आकर्षित करता है। प्रथम प्रेस आयोग ने प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने और पत्रकारिता में उच्च आदर्श स्थापित करने के उद्देश्य से भारत में एक प्रेस परिषद की कल्पना की। वर्तमान समय में पत्रकारिता का क्षेत्र व्यापक हो गया है। पत्रकारिता जन-जन तक सूचनात्मक, शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक संदेश पहुँचाने की कला एवं पद्धति है। इस मौके पर वक्ताओं ने नई पीढ़ी के पत्रकारों और मीडिया कर्मियों का आह्वान करते हुए कहा कि नई पीढ़ी के पत्रकारों और मीडिया कर्मियों को पत्रकारिता की आजादी और लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगे आना चाहिए।

# फरोग-ए-उर्दू कार्यशाला, सेमिनार एवं मुशायरा का आयोजन बेतिया में हुआ।



**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**
**पश्चिम चंपारण।** मंत्रीमंडल सचिवालय विभाग, उर्दू निदेशालय, बिहार पटना एवं जिला उर्दू भाषा कोषांग जिला प्रशासन पश्चिम चम्पारण बेतिया के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को बेतिया ऑडिटोरियम में फरोग-ए-उर्दू कार्यशाला, सेमिनार एवं मुशायरा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन सुमित कुमार डीडीसी सह प्रभारी डीएम एवं महम्मद इमरान विशेष सचिव सह निदेशक उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, पटना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ0 विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर, कुमार रविन्द्र,अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी बेतिया, बेबी कुमारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, रोचना माद्री जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अली अहमद अंसारी, स्थापना उप समाहर्ता, मासूम अली अंसारी, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला उदूर्नामा 2024-25 का विमोचन डीडीसी बेतिया एवं निदेशक सह विशेष सचिव उर्दू निदेशालय पटना द्वारा किया गया। डीडीसी सह प्रभारी डीएम द्वारा बताया गया कि उर्दू के फरोग हेतु जिला प्रशासन सदैव प्रयासरत है तथा जिला में उर्दू विकसित हो रही है। मोहम्मद इमरान निदेशक सह-विशेष सचिव, उर्दू निदेशालय, पटना द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार उर्दू के फरोग के लिए विभागीय स्तर पर कई प्रोग्राम का आयोजन कराती रहती है। मो० आफताब अंसारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला उर्दू भाषा कोषांग बेतिया, द्वारा डीडीसी, डायरेक्टर और दूसरे पदाधिकारीयों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बेतिया प्रखंड के उर्दू अनुवादक मो0 मोहीउद्दीन अशरफी ने करके अपनी शायरी और वक्तव्यों से लोगों को खूब रोमांचित किया। उक्त कार्यक्रम में आलेख पाठन, डेलीगेट एवं छात्र छात्रा द्वारा अपना अपना आलेख पेश किया गया। कार्यक्रम के अंत में मो० आफताब अंसारी, प्रभारी पदाधिकारी, जिला उर्दू भाषा कोषांग बेतिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात कार्यक्रम समाप्त किया गया।

# फायर आर्म और राजगुरू स्ट्राइकर्स ने मैच जीते

## सादिक और नीरज को दिया गया मैन आफ द मैच का पुरस्कार, राइफल क्लब में आयोजित हो रही टी-10 कैनवास बॉल प्रतियोगिता

■ बांदा

राइफल क्लब में आयोजित टी-10 कैनवास बॉल प्रतियोगिता में छठवें दिन अहमदुल्लाह शाह रिबेलियंस व मंगल पांडेय फायर आर्म टीम के बची मैच खेला गया। रिबेलियंस भगत सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर के खेल में 5.2 ओवर में आल आउट हो गई। इस टीम ने 46 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी मंगल पांडेय फायर आर्म टीम ने मैच को 10 विकेट से जीत लिया। प्रथम मैच के मैन आफ द मैच मंगल पांडे आर्म के बल्लेबाजी सादिक अली रहे। अहमद उल्लाह शाह रिबेलियंस की बल्लेबाज़ी में शहबाज खान 10 गेंद 11 रन

मंगल पाण्डे फायरआर्म की गेंदबाज़ी में सादिक अली 2ओवर 21 रन 5 विकेट लिए। दूसरे मैच में खुदीराम बोस टाइगर्स और राजगुरू स्ट्राइकर्स के बीच मैच खेला गया। राजगुरु स्ट्राइकर्स ने टॉस जीत कर पहले



बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी खुदीराम बोस टाइगर्स की पूरी टीम 10 ओवर में 125 रन ही बना सकी। राजगुरु स्ट्राइकर्स ने इस मैच को 10 रनों से जीत लिया। इस मैच के मैन आफ द मैच नीरज रहे। राजगुरु स्ट्राइकर्स की बल्लेबाज़ी में नीरज 11 गेंद 34 रन, खुदीराम बोस टाइगर्स की गेंदबाज़ी में अखिल द्विवेदी 2 ओवर 20 रन 2 विकेट लिए। खुदीराम बोस टाइगर्स की बल्लेबाज़ी में बादल 21 गेंद 53 रन, राजगुरु स्ट्राइकर्स की गेंदबाज़ी, राकेश यदुवंशी 2 ओवर 6 रन 3 विकेट

वहीं तीसरा मैच रोशन सिंह और अशफाक उल्ला के मध्य खेला जा रहा है, जो अभी चल रहा है। टूर्नामेंट कोषाध्यक्ष जाहिद अली, निर्देशक सादिक अली शालू हैदर, संयोजक शाहिद बेग तरूण नंदा, महामंत्री आशुतोश राणा, हिम्मत सिंह, उपाध्यक्ष अबरार फारुकी अनवरूल अमीन, खुर्शीद खान राशिद अली, मीडिया प्रभारी शब्बर रिज़वी, आशुतोष मिश्रा, टूर्नामेंट सचिव रेहान खान, अभय श्रीवास्तव प्रवीण भूमित, राजीव विश्वकर्मा, आदिल जैनुल खान व वरिष्ठ खिलाड़ी अनिल मिश्रा, नीतू बोडे, जीतू यादव, सभासद इरफान खान जी उपस्थित रहे। मैच के कमेंटेटर अबरार फारुकी, सुनील सक्सेना रहे। अंपायर रेहान खान सीनियर रेहान खान जूनियर खुर्शीद खान हिम्मत सिंह और आज के मैच के स्कोरर अनिल रहे।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाए दावपेंच, कुश्ती और पुरस्कार जीता

## ग्राम पंचायत गड़रिया में सिद्धबाबा देव स्थान पर हुआ दंगल और मेले का आयोजन

**जसपुरा।** कार्तिक पूर्णिमा को लेकर जगह-जगह पर विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। देव स्थानों पर मेले के साथ ही दंगल भी आयोजित हुए। गड़रिया ग्राम पंचायत के मजरा रैपुरा में स्थित सिद्ध बाबा देव स्थान में दंगल का आयोजन किया गया। इसमें गोखरही के पहलवान राधेश्याम ने जालौन के पहलवान भोला को पटकनी दी। इसके अलावा अन्य पहलवानों ने भी कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। विजेता पहलवानों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया। सिद्ध बाबा स्थान पर आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग दंगल और मेले का आनंद लेने पहुंचे। कार्यक्रम के आयोजक



गड़रिया के पूर्व प्रधान मुन्ना सिंह थे, जबकि मेले और दंगल की देखरेख वर्तमान प्रधान लीला देवी ने की।विशाल दंगल में कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें महुहरपुरवा के प्रधान राममिलन निषाद, धुंधपुर के पूर्व प्रधान कालिदीन, गड़रिया के पूर्व प्रधान साधू सिंह और गड़रिया प्रधान प्रतिनिधि अवधेश कुमार शामिल थे। मेले में महिलाओं और बच्चों की भारी भीड़ देखी गई। कार्यक्रम के दौरान जसपुरा पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सिद्ध बाबा स्थान पर हुए इस मेले और दंगल ने क्षेत्र में उत्साह का संचार किया।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर किया गया जागरुक

■ महोबा

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-



छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 की जानकारी देकर किया गया जागरुक ।

# दिवारी नृत्य में मोनियों के साथ थिरके लोग

■ बांदा

कार्तिक मेले के दौरान स्योढ़ा गांव स्थित महावीरन मंदिर में भी दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। वहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हनुमान प्रतिमा के दर्शन किए और प्रसार चढ़ाया। दिवारी नृत्य कलाकारों की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। नगड़ियि की धुन पर कलाकार थिरके तो दर्शक दीर्घा भी थिरकने लगी। स्योढ़ा गांव में बजरंग बली के मंदिर के पास लगने वाले मेला मे सुबह से ही श्रद्धालूओ की भीड़ लगती है। मंदिर में बजरंगबली के दर्शन करने के बाद श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाते हैं। इस दौरान स्योढ़ा गांव के अलावा आसपास के सैकड़ों लोग मंदिर में पहुंचकते हैं। शुक्रवार को मंदिर परिसर में दीवारी कला का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बुंदेलखंडी दीवारी का लुत्फ उठाया। इसके साथ ही विजेता



टीम को पुरस्कार भी दिया गया। मेला परिसर में सैकड़ों श्रद्धालुओं के अलावा कुंजबिहारी पाण्डेय, रामशरण पाण्डेय, महेश प्रशाद अवस्थी के अलावा ग्राम प्रधान अयूब खा, पप्पू सैनी, चौकी प्रभारी और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय जन जातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित

## कुलगुरू प्रो. भरत मिश्रा ने भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की

■ चित्रकूट

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शहडोल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में भी देखा और सुना गया। इस कार्यक्रम में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। इस मौके पर कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा ने भगवान बिरसा मुंडा के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके और जनजातीय समाज के योगदान को रेखांकित किया।

सीएमसीएलडीपी भवन के बाल्मीकि सभागार में प्रसारित इस कार्यक्रम में लोगो ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए योजनाओं के शुभारंभ, शिलान्यास, लोकार्पण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और सुना गया।




कार्यक्रम मंच में मुख्य रूप से कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा, अधिष्ठाता गण प्रो आई पी त्रिपाठी, डॉ सुधाकर मिश्रा, डॉ आञ्जनेय पांडेय, प्रो शशि कांत त्रिपाठी,इंजी के पी मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक डॉ नीलम चौरे आदि मौजूद रहे। प्रशासनिक समन्वयन डॉ त्रिभुवन सिंह उप कुलसचिव प्रशासन ने किया।

# सैयद जलील हुसैन और आलिया बेगम के इशाले सवाब की मजलिस हुई

**मध्य प्रदेश।** प्रकाश नाथ रतलाम मध्य प्रदेश हुसैन टेकरी जावरा रतलाम मध्य प्रदेश अजा खाने एजहरा मे ऑल इंडिया अंजुमन ए तबलीगे इमामे हुसैन के संस्थापक रहे सैयद जलील हुसैन और आलिया बेगम के इशाले सवाब की मजलिस हुई जिस मजलिस को अफताबे खीताकत मौलाना अमिर हसनैन साहब पेश इमाम शिया जामा मस्जिद हुसैन टेकरी शरीफ ने बयान फरमाते हुए कहा नवी और आले नबी का गम समंदर है हम अपने गम को समंदर में शामिल कर देते हैं ताकि हमारे मरने वालों को भी उसका सबब मिल सके इंसान इस दुनिया में आया है एक दिन उसे चले जाना है लेकिन इसी दुनिया में हर अच्छाई और बुराई को अंजाम देता जो लोग नवी और आले नबी के बताए हुए रास्ते पर चलते हैं उनकी जिंदगी कामयाब है जिन लोगों ने अपनी जिंदगी में नमाज रोजा हज जकात खूमस अदा करते हैं वैसे लोगों को खुद पसंद करता है जो गरीब मजबूर बेसहारों की मदद करते हैं खुद वैसे लोगों को भी पसंद करता है जिंदगी का यही मकसद है क्या इंसान ज्यादा से ज्यादा नेकी करें और अच्छाई के रास्ते पर चले उसमें उसकी भलाई है रसूल इस्लाम ने आखिरी वक्त में लोगों से कहा था कि तुम्हारे दरमियां दो कीमती चीज छोड़े जा रहा हूं एकखुदा की किताब कुरान ए मजीद दूसरे हमारे अहले बैत इन दोनों का दामन तुम्हारे हाथों में होगा तुम कभी गुमराह नहीं हो सकते मैं




और अली एक ही नूर के दो टुकड़े हैं नबी ने हज के बाद गदीर के मैदान में सवा लाख हाजियों के मजे में ऐलान कर दिया था जिस जीस का मैं मौला उसे उसके अली मौला है जब दीने इस्लाम मुकम्मल हुआ लोग रसूले इस्लाम के पास आए या रसूल अल्लाह आप बहुत अच्छा दिन लाकर दिए उजरत ले ले रसूल खामोश थे जिब्रीला आयत लेकर आए एरसूल ईनसे कह दीजिए आपसे और आपके घर वालों से मोहब्बत करें यही एजरे रिसालत है लेकिन नबी के गुजर जाने के बाद कुछ लोग नबी के बेटी के घर पर आए घर के दरवाजे पर आग लगा दिया जिससे नबी की बेटी हजरत बीबी फातिमा जख्मी हो गई और कुछ दिनों के बाद उनकी शहादत हो गई पूरी दुनिया में हजरत बीबी फातिमा का शहादत मनाया जा रहा है आले नबी के गम में तमाम फरिश्ते तमाम जिन और इंसान शामिल होते।

# केवल पत्रकारिता में ही बदलाव नहीं आया है बल्कि प्रशासनिक पदाधिकारी के नेचर में भी बदलाव आया है - अध्यक्ष/महासचिव डॉ अमानुल हक

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस विषय पर परिचर्चा का आयोजन।

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**
**बेतिया।** भारत में 16 नवंबर 1966 को भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना हुई थी इस दिन से संपूर्ण भारत में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। बेतिया समाहरणालय के सभा भवन में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसका विषय था चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस । परिचर्चा की अध्यक्षता अपर समाहर्ता कर रहे थे। इस मौके पर पश्चिम चंपारण ज़िला के डीपीआरओ रोचना मादरी, पश्चिम चंपारण के वरिष्ठ पत्रकार मोहन सिंह एवं भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रेस क्लब ऑफ बेतिया के अध्यक्ष डॉ अमानुल हक मौजूद रहे। परिचर्चा शुरू होने से पहले अपर समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, मोहन सिंह, डॉ अमानुल हक हक एवं प्रोफेसर अजय कुमार मिश्रा में संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। उसके बाद सर्वप्रथम अपर समाहर्ता ने परिचर्चा के विषय पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में प्रोफेसर अजय कुमार मिश्रा ने भारत में पत्रकारिता के इतिहास पर अपना प्रकाश डाला। भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ सह प्रेस क्लब ऑफ बेतिया अध्यक्ष डा0 अमानुल हक ने अपने संबोधन में कहा कि केवल पत्रकारिता में ही बदलाव नहीं आया है प्रशासनिक पदाधिकारी के नेचर में भी बदलाव आया है जिसके कारण पत्रकारों के बीच भ्रम होना लाजमी है। इसमें प्रशासन और पत्रकारों को मिलकर सुधार की आवश्यकता है। तभी पत्रकारों के नेचर में बदलाव किया जा सकता है। वही मोहन सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की पत्रकारिता की चुनौतियां कहानी अधिक और व्यापक हो गई है। लोगों की उम्मीदें विभिन्न मीडिया के माध्यमों से काफी बढ़ी है।आज कोई व्यक्ति जब एफ आई आर दर्द करने के




लिए खाना जाता है या विकास से जुड़ी किसी समस्या के निराकरण हेतु अधिकारियों के पास जाता है तो अपने आवेदन की प्रति मीडिया कर्मियों को भी उपलब्ध कराता है। सोशल मीडिया में जन समस्याओं को उजागर करने में अहम भागीदारी निभा रही है। इससे एक तरफा जहां हमारे सूचना स्त्रोत बढ़े हैं, गलत व भ्रामक जानकारियों के प्रसारित हो जाने के खतरे भी तेज हुए हैं। हम कई बार ऐसी भ्रामक जानकारियों के कारण होने वाले नुकसान का सामना भी कर चुके हैं और लगातार करते भी हैं। भ्रमित करने वाली सूचनाओं के संदर्भ में लोगों को आगाह कम, सच्चाइयों के तहत तक पहुंच कर वास्तविक तथ्यों से प्रशासन एवं जन सामान्य को परिचित कराना तथा जनहित की मुद्दों पर तटस्थता व पारदर्शिता के साथ फोकस करना पत्रकारों के लिए आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इसके साथ ही पत्रकार बृजभूषण कुमार, एम शकील आदि पत्रकारों ने भी परिचर्चा में भाग लिया। इस अवसर पर पत्रकार शशि मिश्रा, अवध किशोर तिवारी, करुणेश केशव, कैलाश यादव, डॉ घनश्याम, शाहीन सबा,मोङ्क जफर, मोहम्मद सुल्तान, मधुसूदन प्रसाद गुप्ता,मनीष कुमार,सत्यम सिंघानिया, एस के राव, अक्षय कुमार आदि सहित दो दर्जन से ज्यादा पत्रकार मौजूद उपस्थित थे।

इजरायल ने सीरिया में दमिश्क और कुदसाया पर हवाई हमले किए, जिसमें 15 लोग मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए

# लेबनान पर कहर बनकर टूट रहा इजरायल

## हवाई हमले में 12 स्वास्थ्यकर्मियों की मौत

एजेंसी, इजरायल

इजरायल की ओर से लेबनान में स्वास्थ्य

- **हमले के वक्त आपातकालीन सुविधा केंद्र में 20 कर्मी मौजूद थे**
- **सीरिया में दमिश्क पर भी किया हवाई हमला, 15 लोगों की मौत**



आपातकालीन सुविधा केंद्र पर हवाई हमले में 12 स्वास्थ्यकर्मियों की मौत हो गई। हमले के वक्त 20 स्वास्थ्यकर्मी यहां मौजूद थे। इजरायली सेना की ओर से अबतक कोई टिप्पणी नहीं की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमले को बर्बर कार्रवाई बताया और कहा कि लेबनान के सिविल डिफेंस फोर्स का हिजबुल्ला से कोई संबंध नहीं है। इससे पहले, इजरायल ने सीरिया में दमिश्क और कुदसाया पर हवाई हमले किए, जिसमें 15 लोग मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। दमिश्क के माजेह में मिसाइल हमले में पांच मंजिला इमारत क्षतिग्रस्त हो गया। इजरायली सेना ने कहा कि उसने इस्लामिक जिहाद आतंकी समूह के बुनियादी ढांचे और कमांड सेंटरों को निशाना बनाया था। स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमले को बर्बर कार्रवाई बताया और कहा कि लेबनान के सिविल डिफेंस फोर्स का हिजबुल्ला से कोई संबंध नहीं है। ये हवाई हमले ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के सलाहकार अली लारीजानी की सीरिया की राजधानी में ईरानी दूतावास में फलस्तीनी गुटों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक से कुछ समय पहले हुए।

### हिजबुल्ला के ठिकानों को बनाया निशाना

इजरायली वायु सेना ने गुरुवार रात बेरूत में हिजबुल्ला के हथियार गोदामों पर हमला बोला। जिन ढांचों पर हमला किया गया वे सभी नागरिक क्षेत्र के मध्य में स्थित थे। हिजबुल्ला ने दावा किया कि उसने तेल अवीव में तेल हैम सैन्य अड्डे को निशाना बनाया। यह लेबनान सीमा से 120 किलोमीटर दूर स्थित है। दावा है कि यह बेस इजरायली सेना के सैन्य खुफिया प्रभाग का है।

### इजरायली हमले का करारा जवाब देंगे

ईरानी सेना के मुख्य कमांडर अब्दोलरहीम मौसवी ने कहा कि हालिया इजरायली हमले का करारा जवाब देंगे। उन्होंने हमले में मारे गए वायु सेना के एक सदस्य के परिवार से मुलाकात के दौरान यह टिप्पणी की। हम प्रतिक्रिया का समय और तरीका निर्धारित करेंगे और जब आवश्यक होगा, झिझक नहीं करेंगे।

### उम्मीद है कि लेबनान में हालात जल्द सुधरेंगे

वहीं, इजरायल और हिजबुल्ला के बीच चल रहे युद्ध पर लेबनानी नेताओं के साथ शुक्रवार को बातचीत के बाद शीर्ष ईरानी अधिकारी अली लारिजानी ने कहा कि युद्ध विराम को लेकर लेबनानी सरकार की ओर से लिए गए किसी भी निर्णय का वह समर्थन करेंगे।

## अंधे के हाथ बटेर लग गई, पर बटेर हो गई फुस्स

यह एक बहुत बड़ा रहस्योदघाटन था कि शरद पवार ने कैसे भाजपा और अपने भतीजे को धोखा दिया था।

इंडिया गेट से



अजय सेतिया की कलम से

अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार को नंगा करते हुए कहा कि 2019 में खुद उन्होंने अमित शाह के साथ मीटिंग की थी, उन्हीं की हरी झंडी के बाद उन्होंने देवेन्द्र फडणवीस के साथ उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। सब कुछ उस मीटिंग में तय हुआ था, जिसमें शरद पवार मौजूद थे। आपको याद होगा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे ने भाजपा के सामने मुख्यमंत्री पद की शर्त रख दी थी। उद्धव ठाकरे का यह भी दावा था कि अमित शाह ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का वायदा किया था। जबकि, अमित शाह ने कहा कि ऐसी कोई बात चुनावों से पहले या चुनावों के दौरान नहीं हुई थी। उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री बनने के लिए शरद पवार से बातचीत शुरू कर दी थी। तभी एक दिन सुबह सुबह देवेन्द्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की और उनके साथ अजित पवार ने उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली थी। लेकिन, वह सरकार 80 घंटों में गिर गई थी, क्योंकि शरद पवार ने समर्थन से इनकार कर दिया था और अजित पवार ने मजबूर होकर इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद महाविकास अघाड़ी गठबंधन बना, जिसमें उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री और अजित पवार उप मुख्यमंत्री बनाए गए। तब लगातार खबरें आ रही थीं कि अजित पवार ने शरद पवार की सहमति के बिना भाजपा के साथ हाथ मिलाया है। फिर भी शरद पवार ने उन्हें माफ़ कर दिया और उन्हें महाविकास आघाड़ी सरकार में भी उप मुख्यमंत्री बनाया। अब जब शरद पवार का साथ छोड़कर अजित पवार दुबारा भाजपा के साथ आ गए हैं। (हालांकि, पता नहीं कि वह कितने दिन रहेंगे, क्योंकि भतीजे वह शरद पवार के ही हैं) तो उन्होंने एक साक्षात्कार में खुलासा किया कि 2019 में जिस मीटिंग में भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने का फैसला हुआ था, उसमें शरद पवार खुद मौजूद थे। यह मीटिंग गौतम अडाणी के घर पर हुई थी, जिसमें उन दोनों के अलावा अमित शाह और देवेन्द्र फडणवीस भी मौजूद थे। वहीं, पर सरकार बनाने का फैसला हुआ था। यह एक बहुत बड़ा रहस्योदघाटन था कि शरद पवार ने कैसे भाजपा और अपने भतीजे को धोखा दिया था। इस खुलासे से राहुल गांधी केहाथ में बटेर लग गई। वह पब्लिक रैलियों में पूछ रहे हैं कि एक राजनीतिक बैठक में गौतम अडाणी क्यों मौजूद था। आरोप लगा रहे हैं कि गौतम अडाणी ने धारावी पुनर्विकास परियोजना लेने के लिए महाविकास आघाड़ी की सरकार गिराई थी। राहुल गांधी को या तो बात समझ नहीं आई (अक्सर उन्हें कम ही समझ आता है) या फिर उन्हें ठीक से बताया नहीं गया। अजित पवार ने 2019 की बात की है, जब कोई भी सरकार बनी नहीं थी। जबकि, राहुल गांधी 2022 की बात कर रहे हैं, जब अजित पवार ने नहीं, बल्कि एकनाथ शिंदे ने शिवसेना से बगावत कर के महाविकास आघाड़ी की सरकार गिराई थी। राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं कि गौतम अडाणी ने धारावी प्रोजेक्ट लेने के लिए महाविकास आघाड़ी की सरकार गिराई। तो क्या तेलंगाना में प्रोजेक्ट हासिल करने के लिए भी अडाणी ने वहां कांग्रेस की सरकार बनवाई थी। अशोक गहलोत को भी क्या अडाणी ने सोनिया गांधी से कह कर मुख्यमंत्री बनवाया था, क्योंकि अशोक गहलोत ने भी राजस्थान में अडाणी को प्रोजेक्ट दिए थे। राहुल गांधी जितनी बेसिर पैर की बातें करते हैं, उतनी कोई और नहीं करता। लेकिन, भाजपा उन्हें बेनकाब करने में पूरी तरह फेल हो रही है। राहुल गांधी अब हर मंच पर उस राजनीति मीटिंग में अडाणी की मौजूदगी पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन, उसी मीटिंग में शरद पवार भी थे, उन पर सवाल क्यों नहीं उठा रहे। शरद पवार ने तो खुद ही मुंह खोल दिया है, जिसमें उन्होंने कबूल कर लिया है 2019 में वह उस बैठक में मौजूद थे, जिसमें भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने का फैसला हुआ था। शरद पवार ने तो खुद को नंगा कर लिया, लेकिन राहुल गांधी या उनके भांड पत्रकार शरद पवार पर सवाल नहीं उठा रहे कि वह चाणक्य नहीं, मक्कार और धोखेबाज हैं। शरद पवार सफाई दे रहे हैं कि मीटिंग की जगह उन्होंने खुद तय की थी। मीटिंग गौतम अडाणी के दिल्ली वाले घर पर हुई जरूर थी, लेकिन राजनीतिक बातचीत में गौतम अडाणी मौजूद नहीं थे। जबकि, राहुल गांधी कह रहे हैं कि मीटिंग में गौतम अडाणी मौजूद थे। शरद पवार के कबूलनामे पर राहुल गांधी और उनका इकोसिस्टम चुप्पी साध कर बैठा है। लेकिन, अजित पवार ने एक बात और कही है। उन्होंने कहा है कि शरद पवार ने क्यों पलटी मारी, और कब पलटी मार जाएं, कोई नहीं कह सकता। वैसे पलटी शरद पवार भी मार सकते हैं और अजित पवार भी मार सकते हैं, दोनों का खून एक ही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलकाता में लकड़ी की दुकान में भीषण आग



**कोलकाता।** कोलकाता के निमतला इलाके में लकड़ी की एक दुकान में भीषण आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लकड़ी की एक दुकान में आग लगने का पता देर रात करीब दो बजकर 15 मिनट पर लगा और यह आग आसपास की लकड़ी की दुकानों में भी फैल गयी। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 20 गाड़ियों को भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है क्योंकि घटना के वक्त दुकानें बंद थीं।

### उत्तर गुजरात के पाटन जिले में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया



**पाटन।** उत्तर गुजरात के पाटन जिले में 4.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने यह जानकारी दी है। गांधीनगर स्थित राज्य नियंत्रण कक्ष के अधिकारियों ने बताया कि भूकंपीय हलचल महसूस होने के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए, लेकिन क्षेत्र में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। गांधीनगर स्थित आईएसआर ने बताया कि भूकंप रात 10:15 बजे दर्ज किया गया और इसका केंद्र पाटन से 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित था। उत्तरी जिलों-बनासकांठा, पाटन, साबरकांठा और मेहसाणा से प्राप्त रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भूकंप के झटके दो से तीन सेकंड तक महसूस किये गये।

### भूख हड़ताल से बिगड़ी एनइएचयू छात्रसंघ अध्यक्ष की तबीयत



**मेघालय।** मेघालय के शिलांग स्थित नॉर्थ-ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी (एनईएचयू) में छात्रसंघ के अध्यक्ष सैंडी सोहटुन को अपनी भूख हड़ताल के कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्या का सामना करना पड़ा। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें शिलांग सिविल अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती किया गया। सोहटुन को धुंधली दृष्टि और अन्य खतरनाक लक्षणों के कारण तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टरों का कहना है कि उनके शरीर में आंतरिक अंगों से संबंधित जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं, जो उनकी स्थिति को और अधिक गंभीर बना सकती हैं।

भारत के सबसे आधुनिक संचार उपग्रह जीसैट-20 (जीसैट एन-2) को अंतरिक्ष में ले जाने का काम करेगी

# भारत के सबसे एडवांस सैटेलाइट को लॉन्च करेगी स्पेसएक्स, इसरो से हुआ करार

- **फाल्कन 9 रॉकेट से जीसैट-एन2 को अंतरिक्ष में ले जाने का काम करेगी स्पेसएक्स**
- **जीसैट-एन2 को अमेरिका के केप कैनावेरल से लॉन्च किया जाएगा**

एजेंसी, नई दिल्ली





भारतीय अंतरिक्ष अजेंसी इसरो ने दिग्गज उग्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ हाथ मिलाया है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खास दोस्त मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अगले सप्ताह की शुरुआत में फाल्कन 9 रॉकेट से भारत के सबसे आधुनिक संचार उपग्रह जीसैट-20 (जीसैट एन-2) को अंतरिक्ष में ले जाने का काम करेगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और स्पेसएक्स के बीच कई डील हुई है। जीसैट-एन2 को अमेरिका के केप कैनावेरल से लॉन्च किया जाएगा। यह 4700 किलोग्राम का उपग्रह भारतीय रॉकेटों के लिए बहुत भारी था, इसलिए इसे विदेशी वाणिज्यिक प्रक्षेपण के लिए भेजा गया। भारत का अपना रॉकेट 'द बाहुबली' या लॉन्च व्हीकल मार्क-3 अधिकतम 4000 से 4100 किलोग्राम तक के वजन को अंतरिक्ष कक्षा में ले जा सकता था। भारत अब तक अपने भारी उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए एरियनस्पेस पर निर्भर था, लेकिन वर्तमान में उसके पास कोई भी चालू रॉकेट नहीं है और भारत के पास एकमात्र विश्वसनीय विकल्प स्पेसएक्स के साथ जाना था। चीनी रॉकेट भारत के लिए अनुपयुक्त हैं और यूक्रेन में संघर्ष के कारण रूस वाणिज्यिक प्रक्षेपणों के लिए अपने रॉकेट पेश करने में सक्षम नहीं है।

### क्यों खास है जीसैट-एन2

इसरो ने 4700 किलोग्राम वजन वाले जीसैट-एन2 का निर्माण किया है, तथा इसका मिशन जीवन 14 वर्ष है। यह विशुद्ध रूप से व्यावसायिक प्रक्षेपण है, जिसका संचालन एनएसआईएल द्वारा किया जा रहा है। उपग्रह 32 उपयोगकर्ता बीम से सुसज्जित है, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र पर आठ संकीर्ण स्पॉट बीम तथा शेष भारत में 24 विस्तृत स्पॉट बीम शामिल हैं। इन 32 बीम को भारत की मुख्य भूमि में स्थित हब स्टेशनों द्वारा समर्थित किया जाएगा।

### 591 करोड़ का आएगा खर्च

उग्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ हाथ मिलाया

ऐसा अनुमान है कि भारत के संचार उपग्रह को ले जाने के लिए फाल्कन 9 रॉकेट के इस एकल समर्पित वाणिज्यिक प्रक्षेपण पर 60-70 मिलियन डॉलर (591 करोड़ 34 लाख रुपये लगभग) खर्च होंगे। यह सर्वविदित है कि डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बहुत अच्छे रिश्ते हैं और दोनों एक-दूसरे को दोस्त कहते हैं। उद्यमी एलन मस्क भी दोनों के दोस्त हैं। एलन मस्क ने कई बार कहा है कि वे मोदी के प्रशंसक हैं। अब देखना ये होगा कि क्या मस्क आगे भी भारत के साथ कई और बड़ी डील करते हैं।

### गुजरात के बाद दिल्ली में एनसीबी का एक्शन

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने दिल्ली में 82.53 किलोग्राम की कोकीन जब्त की. इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 900 करोड़ रुपये बताई जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि यह बरामदगी भारत को ड्रग्स मुक्त बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गृह मंत्री शाह के अनुसार, ड्रग्स को पकड़ने में एनसीबी ने एक 'बॉटम-टू-टॉप' अप्रोच अपनाई। दिल्ली के एक कोरियर सेंटर से जब कुछ मात्रा में ड्रग्स पकड़ी गई, तो उसे आधार बनाते हुए इस पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गय। अधिकारियों के अनुसार, ड्रग्स की यह खेप दिल्ली से ऑस्ट्रेलिया भेजी जानी थी और इसका मुख्य सरगना दुबई में बैठा एक बड़ा हवाला कारोबारी है, जिसका दिल्ली में खासा दबदबा बताया जा रहा है। जांच में सामने आया कि इस ड्रग्स की खेप को पहले अहमदाबाद और सोनीपत से दिल्ली लाया गया था। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों, लोकेश चोपड़ा और अवधेश यादव, को गिरफ्तार किया है। इस बरामदगी को भारत में अब तक की सबसे बड़ी 'लैंड बेस्ड' ड्रग्स की जब्ती बताया जा रहा है, जो कि दिल्ली में एनसीबी की लगातार चौकसी और ठोस योजना का नतीजा है। एनसीबी ने इस ऑपरेशन में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया और बेहद सावधानी से इस खेप को ट्रैक किया।

रामेश्वरम कैफे में गत एक मार्च को विस्फोट हुआ था

# ऑनलाइन मिली ट्रेनिंग, एक हफ्ते में बना दिया बम पाक और IS से जुड़े रामेश्वरम कैफै धमाके के तार



- **बेंगलुरु स्थित कैफे में 1 मार्च को हुआ था विस्फोट**
- **पाकिस्तान से सभी आरोपितों को मिले थे निर्देश।**
- **संदेह- मुख्य आरोपित पाकिस्तान छिपा हो सकता।**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित रामेश्वरम कैफे विस्फोट के तार पाकिस्तान और आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़ने की बात सामने आई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच में जेल में बंद संदिग्ध आतंकियों के पाकिस्तान और आईएस से संबंध होने की बात उजागर हुई है। बेंगलुरु स्थित रामेश्वरम कैफे में गत एक मार्च को विस्फोट हुआ था, जिसमें नौ लोग घायल हुए थे।

### पाकिस्तान से मिले थे निर्देश

सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को यह भी पता चला कि जेल में बंद आतंकियों को पाकिस्तान से भारत में विनाशकारी गतिविधियों को अंजाम देने के निर्देश भी मिले थे। कैफे धमाके का मुख्य आरोपित अभी तक पकड़ में नहीं आया है और उसके पाकिस्तान में होने का संदेह है। धमाके में छह लोगों का एक समूह शामिल था और ये सभी आईएस से जुड़े थे।

### ऑनलाइन मिला था बम बनाने का प्रशिक्षण

कैफे विस्फोट मामले में जेल में बंद संदिग्ध आतंकियों मुसाविर हुसैन शाजिब, अब्दुल मतीन ताहा, माज मुनीर अहमद और एक अन्य को बम बनाने का प्रशिक्षण मिला था। सूत्रों ने बताया कि पूरा प्रशिक्षण ऑनलाइन दिया गया था।

### ऑनलाइन खरीदा था बम बनाने का सामान

आरोपितों ने ऑनलाइन कच्चा माल खरीदकर एक सप्ताह में एक बम तैयार किया था। एनआईए ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में गत नौ सितंबर को चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें चार आरोपितों मुसाविर हुसैन, अब्दुल मतीन, माज मुनीर और मुजम्मिल शरीफ को आरोपित बनाया गया है।

### आईईडी से किया गया था धमाका

एक मार्च को बेंगलुरु के लोकप्रिय रामेश्वरम कैफे में बम धमाका हुआ था। इस धमाके को आईईडी के माध्यम से अंजाम दिया गया था। आरोपी ने धमाके से पहले इडली का ऑर्डर दिया था। मगर वह उसे खाए बिना ही वहां से चला गया। मगर कैफे के अंदर विस्फोटक से भरा अपना बैग रख गया था। उसके जाने के करीब एक घंटे बाद बैग में धमाका हुआ था। इस मामले में एनआईए कई राज्यों में छापामारी कर चुकी है। विस्फोटक रखने वाले ताहा और मुसाविर हुसैन शाजिब को कोलकाता से दबोचा गया था। दोनों पर तीन-तीन लाख रुपये का इनाम था। जांच में सामने आया कि दोनों ही शिवमोगा के आईएस मॉड्यूल से जुड़े थे। अधिकारियों के मुताबिक इसी आतंकी मॉड्यूल ने 19 नवंबर 2022 को मंगलुरु में भी धमाका किया था।



तुर्की में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से हाथ मिलाते हुए तुर्की के राष्ट्रपित एर्दोगन। तुर्की और कतर ने द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के लिए आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

### नेपाल में खाई में गिरा एसयूवी, आठ की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के दार्चुला जिले में तड़के एक एसयूवी के खाई में गिर गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। चार बजे एक वाहन हाईवे से नीचे 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। उसमें 13 लोग सवार थे। दार्चुला जिला पुलिस के प्रवक्ता छत्र बहादुर रावत ने कहा, यह वाहन तीर्थयात्रियों को ले जा रहा था, जो जिले के मल्लिकार्जुन मंदिर के दर्शन करने के बाद लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि घायलों में तीन की हालत गंभीर है। पर्वतीय देश होने के कारण नेपाल में अक्सर वाहन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

चिंगारी धीरे-धीरे पूरे चाइना बाजार को अपनी चपेट में ले लिया

# नालंदा के चाइना मार्केट में भीषण आग, 10 मोबाइल की दुकानें जलकर खाक

- **50 से 60 लाख का सामान जलकर खाक**
- **दमकल की 14 गाड़ियां मौके पर मौजूद**

एजेंसी, नालंदा





नालंदा के लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर मोहल्ला स्थित चाइना बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक आग की लपटें दिखाई देने लगी। बताया जा रहा है कि आग इतनी भीषण थी कि इसने 10 मोबाइल दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आगलगी की घटना से दुकान में रखे 50 से 60 लाख का सामान जलकर खाक हो गया। 8 घंटे से करीब 14 दमकल की गाड़ियां आग बुझाने का प्रयास कर रही है। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों की नजर दुकान से निकल रहे धुएं पर गई जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। आशंका जाहिर की जा रही है कि आग पहले बिजली के खंभे में लगे बॉक्स में लगी। उसके बाद यही चिंगारी धीरे-धीरे पूरे चाइना बाजार को अपनी चपेट में ले लिया। इस मार्केट में 50 से अधिक मोबाइल रिपेयरिंग और एसोसिरिज की दुकानें है। दुकानदार रोजाना की तरह सभी अपनी दुकानों को बंद कर अपने-अपने घर चले गए थे।

### 50 से 60 लाख रुपये के नुकसान की खबर

फिलहाल आगलगी में कितना नुकसान हुआ इसका आकलन नहीं किया गया है, लेकिन ऐसी आशंका जताई है जा रही है कि आगलगी में 50 से 60 लाख का नुकसान हो गया है। इस बाजार में महंगे महंगे मोबाइल पार्ट्स एवं मोबाइल की दुकान थी। गनीमत यह रही कि समय रहते दमकल कर्मियों ने आग को अन्य दुकानों को जलने से बचा लिया अन्यथा इसी बाजार के ऊपर बैंक ऑफ इंडिया, पीएनबी और बजाज फाइनेंस कंपनी की शाखा है।

संपादकीय

# महाराष्ट्र की सियासत में उबाल

**जब महाराष्ट्र चुनाव में महज पांच दिन रहे गए थे तो अजित पवार को यह सनसनीखेज खुलासा करने जरूरत क्यों पड़ी? क्या महायुति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है?**

**महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होने से पहले महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है। अजित पवार ने खुलासा किया था कि महाराष्ट्र में 2019 में देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री और उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाने के लिए अमित शाह और शरद पवार की मुलाकात दिल्ली में एक कारोबारी के घर अडाणी की मौजूदगी में हुई थी। बवाल हुआ तो बीजेपी को बैकफुट पर आना पड़ा और अजित पवार अपने बयान से पलट गए। सवाल यह है कि अगर अजित पवार का दावा सही है तो एक राजनीतिक बैठक में गौतम अडाणी क्या कर रहे थे? माना जाता है कि अडाणी की प्रधानमंत्री की नजदीकियां हैं, लेकिन क्या इतनी नजदीकियां हैं कि अडाणी सरकार गिराने और बनाने संबंधी बैठकों में हिस्सा लेंगे? हालांकि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि नवंबर 2019 में नई दिल्ली में बीजेपी-एनसीपी की बैठक हुई थी। इस बैठक में कारोबारी गौतम अडानी मौजूद नहीं थे, लेकिन शरद पवार मौजूद थे। मेरे अलावा, बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, शरद पवार, प्रफुल्ल पटेल और अजीत पवार शामिल थे। सवाल यह भी है कि शरद पवार उस बैठक में क्यों थे? क्या शरद पवार महाविकास अघाड़ी को धोखा दे रहे हैं? यह भी कह सकते हैं कि शरद पवार किसी रणनीति के तहत भाजपा की सरकार बनवा रहे थे? वो क्या रणनीति थी? जो सरकार बनाने पर चर्चा हुई थी, वह मात्र 80 घंटे चली। क्या यह इसलिए हुआ था, क्योंकि शरद पवार पीछे हट गए थे? राजनीति में पर्दे के पीछे क्या-क्या होता है, अजित पवार का खुलासा बताता है। सवाल यह भी है कि जब महाराष्ट्र चुनाव में महज पांच दिन रहे गए थे तो अजित पवार को यह सनसनीखेज खुलासा करने जरूरत क्यों पड़ी? क्या महायुति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है? अजित पवार यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान से भी किनारा कर चुके हैं। इससे भी आभास होता है कि महायुति में कुछ ऐसा चल रहा है, जो जल्दी ही सामने आ सकता है। बहरहाल, अजित पवार के खुलासे से यह तो पता चलता है कि राजनीति में जो दिखता है, वह होता नहीं है, जो नहीं दिखता वह हो जाता है। जाहिर है अजित पवार के खुलासे बवाल होना ही था। कांग्रेस अडाणी को लेकर भाजपा पर हमलावर है। अब सवाल यह है कि अजित पवार के खुलासे महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव पर क्या फर्क पड़ेगा?

# बंटेंगे तो कटेंगे पर बंटा एनडीए



**शाहीन सबा**

**योगी को सिर्फ उत्तर भारतीय वोटों के लिए नहीं बल्कि एक हिंदू आइकन के रूप में महाराष्ट्र में उतारा गया है। इसीलिए वो अपनी पहली रैली से ही हिंदुत्व के एजेंडे को सेट करने में जुट गए हैं ताकि महाराष्ट्र में मराठा और ओबीसी आधारित वोटिंग को हिंदुत्व के नाम पर एकजुट करें। योगी जाति आधारित मतदान पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।**

देश के दो राज्यों में विधानसभा का चुनाव जोर-शोर से हो रहा है। महाराष्ट्र में 20 तारीख को संपूर्ण प्रांत व झारखंड में दूसरे चरण की 38 पर व कुछ राज्यों में उपचुनाव की 14 सीटों का चुनाव हो रहा है। इन चुनाओं में एक नारा गूंज रहा है, 'बटंगे तो कटेंगे'। इसे दिया है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कट्टर हिंदू की छवि वाले आदित्यनाथ ने। उन्होंने यह नारा तब दिया जब पड़ोसी बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद वहां हिंदुओं पर हमले शुरू हो गए। देखते ही देखते यह नारा काफी मशहूर हो गया। इस नारे का इस्तेमाल हरियाणा और जम्मू कश्मीर के चुनाव में भी हुआ था। विपक्ष ने इसे धार्मिक ध्रुवीकरण का प्रयास बताते हुए इसकी आलोचना की। इस नारे का इस्तेमाल भाजपा के नेता तो कर रहे हैं, लेकिन एनडीए में उसके सहयोगी दल इससे खुश नजर नहीं आ रहे हैं। वो इसकी आलोचना कर रहे हैं।

बांग्लादेश के संदर्भ में दिया गया यह नारा बटेंगे तो कटेंगे उत्तरप्रदेश की सियासी फिजा में गूंजा और फिर धीर-धीरे जातियों में बिखरे हुए हिंदुओं को एकजुट करने की नैरेटिव में तब्दील होने लगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ योगी के नारे पर अपनी सहमति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रहने का संदेश दे कर एक तरह से इसकी तस्दीक ही करते नजर आए हैं। विजयादशमी के मौके पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बांग्लादेश के बहाने हिंदुओं को एकजुट रहने की बात करके सीएम योगी के बयान का समर्थन कर दिया था। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने मथुरा में साफ कहा था कि हिंदू एकता संघ का जीवन वृत है। हम यह बात आग्रहपूर्वक कहेंगे और आगे इसके लिए प्रयास भी करेंगे। योगी के कटेंगे तो बंटेंगे बयान पर संघ का स्पष्ट कहना है कि हिंदू एकता लोक कल्याण के लिए है। हमें अपने को भी बचाए रखना है और दुनिया का भी मंगल करना है। ऐसे में हिंदू एकता जरूरी है। इस बारे में खुद होसबाले ने बताया कि जाति के आधार पर और विचारधारा के आधार पर हिंदुओं की एकता को तोड़ने का काम किया जा रहा है।



भाजपा और संघ इस बात को समझ रहे हैं कि जातीय राजनीति के असर की वजह से 2024 के लोकसभा चुनाव में उसे सियासी नुकसान उठाना पड़ा था। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में नंबर वन पार्टी थी, लेकिन 2024 में भाजपा को दोनों प्रदेशों में झटका लगा था। इसके चलते भाजपा एक रणनीति के तहत हिंदुओं को एकजुट करने के लिए बंटेंगे तो कटेंगे के नैरेटिव को पूरी तरह सेट करने में जुटी है ताकि सियासी फिजा को अपने पक्ष में कर सके। सीएम योगी से लेकर पीएम मोदी और अमित शाह सहित भाजपा के तमाम नेता बंटोगे तो कटोगे और एक रहोगे तो सेफ रहोगे की बात को हर रैली में दोहरा रहे हैं। पीएम मोदी का नारा दलित-पिछड़े वर्गों के बीच दरार पैदा करने के लिए और कथित रूप से विभाजनकारी राजनीति में शामिल होने के लिए कांग्रेस की आलोचना के रूप में अब प्रचारित किया जाने लगा है। योगी के बंटेंगे तो कटेंगे के नैरेटिव को अखिलेश यादव खुलकर काउंटर करने का दांव चल रहे हैं और उसे जातीय के एजेंडे पर सेट कर रहे हैं। अखिलेश हर रोज इस पर अपना बयान दे रहे हैं और बार-बार यही कहते नजर आते हैं दलित-पिछड़े-अल्पसंख्यक जुड़ेंगे तो जीतेंगे। पीडीए एक है और नेक है। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी ने इस नारे को मुस्लिमों से जोड़ दिया और कहा कि मुसलमानों के घर बुलडोजर से तोड़ने वाले, कैसे समाज को जोड़ने का काम करेंगे। आप सांसद संजय सिंह कहते हैं कि भाजपा को हिंदुओं की चिंता नहीं, उसे केवल चुनाव जीतने की चिंता है। आरजेडी की प्रवक्ता प्रियंका भारती ने कहा कि जाति के आधार पर लोगों को किसने बांटा है? समाज में आज भी मूंछ रखने या शादियों में घोड़ी पर चढ़ने के लिए दलितों पर हमला और उनकी हत्या कौन कर रहा है?

योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान से भाजपा के सहयोगी दलों ने किनारा कर लिया है। महाराष्ट्र में अजित पवार ने साफ कर दिया है कि महाराष्ट्र ने कभी भी सांप्रदायिक विभाजन को स्वीकार नहीं किया। यहां के लोगों ने छत्रपति शाहू महाराज, ज्योतिबा फुले और बाबासाहेब आंबेडकर की धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का पालन किया है। इस तरह की राजनीति महाराष्ट्र में नहीं चलने वाली है, क्योंकि यहां के लोगों ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित किया है। कुछ लोग बाहर से यहां आते हैं और बयान देते हैं, हम इससे सहमत नहीं है। हमारा नारा सब का साथ और सब का विकास है। अजित पवार के सुर में सुर मिलाते हुए एकनाथ शिंदे भी नजर आए और उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में इस तरह की सियासत नहीं हो सकती है।

जेडीयू ने कहा कि हमारी पार्टी ने अपनी विचारधारा को गिरवी नहीं रखा है। भाजपा से हमने बिहार सहित देश के विकास के लिए गठबंधन किया है। हम लोग सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। देश एकजुट रहे, आगे बढ़े, इसके लिए हमारी पार्टी ने हमेशा मेहनत की है। जेडीयू नेता खालिद अनवर का कहना है कि हम लोग ऐसे किसी भी नारे को प्रमोट नहीं कर सकते जिसका मकसद समाज को बांटना या तोड़ना है।

राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो बंटेंगे तो कटेंगे का नारा देकर भाजपा हिंदू वोटों को एकजुट करना चाहती है, क्योंकि 2024 लोकसभा चुनाव में मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण हुआ था, लेकिन हिंदू वोटों का नहीं। इसलिए भाजपा बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे देकर लोकसभा चुनाव में हुए नुकसान की भरपाई करना चाहती है। महाराष्ट्र में आरक्षण एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है तो झारखंड में आदिवासी-मुस्लिम एकता भाजपा के लिए सियासी टेंशन बनी है, क्योंकि इसके तले धार्मिक ध्रुवीकरण सफल नहीं हो पा रहा है।

महाराष्ट्र में कॉस्ट पॉलिटिक्स ने भाजपा की सियासी टेंशन बढ़ा रखी है। मराठा आरक्षण आंदोलन ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को झटका दिया था। मराठों के खिलाफ ओबीसी और धनगरों के खिलाफ आदिवासियों के बीच सियासी संघर्ष बना हुआ है। इसके चलते इस चुनाव में आरक्षण का मुद्दा जोरों पर है। महा विकास अघाड़ी ने जातिगत जनगणना और आरक्षण की 50 फीसदी के बैरियर को तोड़ने का वादा करके भाजपा के लिए सियासी चुनौती खड़ी कर दी है।

योगी आदित्यनाथ को सिर्फ उत्तर भारतीय वोटों के लिए नहीं बल्कि एक हिंदू आइकन के रूप में महाराष्ट्र में उतारा गया है। इसीलिए वो अपनी पहली रैली से ही हिंदुत्व के एजेंडे को सेट करने में जुट गए हैं ताकि महाराष्ट्र में मराठा और ओबीसी आधारित वोटिंग को हिंदुत्व के नाम पर एकजुट करें। ऐसा करके योगी जाति आधारित मतदान पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। इसीलिए भाजपा के तमाम नेता ह्यबंटेंगे तो कटेंगेह्न के नारे को बुलंद कर रहे हैं तो पीएम मोदी भी एक रहेंगे तो नेक रहेंगे की बात करके उसे मजबूत करने में लगे हैं। वहीं, विपक्ष सामाजिक न्याय के एजेंडे पर धार देकर अपनी सियासी नैया पार लगाने की कवायद में है।

पाठकवाणी

## सोशल मीडिया पर निर्भरता भावनात्मक असंतुलन

**आज** के डिजिटल युग में स्मार्टफोन और उसमे उपयोग होने वाले सोशल मीडिया एप महत्वपूर्ण उपकरण बन गए हैं, लेकिन इसका अत्यधिक उपयोग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। लोग अपने फोन के बिना बेचैन और असहज महसूस करने लगते हैं। व्यक्ति को हर समय फोन चेक करने की आदत हो जाती है, भले ही कोई सूचना न हो ।खासकर सोशल मीडिया पर लगातार बने रहने से व्यक्ति को दूसरे लोगों की तुलना में अपने जीवन को बेहतर साबित करने की इच्छा होती है, जिससे अवसाद और तनाव बढ़ते हैं लगातार अपनी तुलना दूसरों से करने के कारण आत्म-सम्मान पर बुरा असर पड़ता है। व्यक्ति को यह महसूस होने लगता है कि उसका जीवन दूसरों की तुलना में कम आकर्षक है, जिससे आत्म-सम्मान कम होता हुआ उसको प्रतीत होता है और अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। फोन पर संदेशों, पोस्ट्स या वीडियो से जुड़ी प्रतिक्रियाएं और लाइक आदि प्राप्त करने पर व्यक्ति के मूड में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के बदलाव होते हैं। जब कोई अपेक्षा के अनुसार प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो व्यक्ति दुखी, अकेला और असुरक्षित महसूस करने लगता है। सोशल मीडिया पर लगातार दूसरों की उपलब्धियां और खुशी देखकर व्यक्ति को अपने जीवन में केवल कमियां ही दिखने लगती हैं।

-**मनुदेव वैदिक**, रोहटा रोड, मेरठ

कुछ खास



झारखंड के गोड्डा में राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर रोके जाने के कारण उनके पहले से निर्धारित कार्यक्रमों में देरी हो गई। कुछ कार्यक्रम रद्द भी हो गए। यही स्थिति रही तो सत्ता और उसके नेता ऐसे प्रोटोकॉल का फायदा उठाते रहेंगे। विपक्षी नेताओं के चुनाव प्रचार को सीमित किया जा सकता हैं। -**जयराम रमेश**, कांग्रेस नेता

आज का ट्वीट



''विपक्ष को बोलतें हैं कि वो पाकिस्तानी हैं, अरे कांग्रेस ने तो पाकिस्तान के दो टुकड़े किए...! और आप घुसपैठिए की बात कर रो रहे हो, उनको रोकने का काम क्या आपका नहीं?''

-**मल्लिकार्जुन खरगे**

साइबरवर्ल्ड

## ...तो ये थे नेहरू

**एक** दफा प्रधानमंत्री नेहरू को कार्टूनिस्ट शंकर ने एक बार गधे के रूप में चित्रित किया। हां तब ही, जब वह प्रधानमंत्री के पद पर थे। तब प्रधानमंत्री की आलोचना करने पर देशद्रोही होने का सार्टिफिकेट नहीं मिलता था। उल्टे नेहरू आलोचना पसंद व्यक्ति थे। नेहरू ने यूं ही नहीं खुद को 'प्रथम सेवक' कहा था। आलोचना तो सेवक की ही हो सकती है, स्वामी की नहीं। नेहरू की लोकप्रियता से किसी को भी ईर्ष्या हो सकती है। इसीलिए उनके विरोधियों द्वारा उनके कहे में कुछ हेरफेर करके वैसा ही कुछ कहकर लोकप्रिय होने की कोशिश की जाती है। प्रधान सेवक शब्द की गढ़न भी कुछ यही संकेत करती है। जिससे ईर्ष्या होती है, प्रकट में उसकी चरित्र हत्या के नित नए आख्यान गढ़ने ही पड़ते हैं। पटेल के अंतिम संस्कार में नेहरू के न जाने की अफवाह इसी विवशता का परिणाम है। अंतहीन सिलसिला है। मोदी जी ने एक और रहस्योद्घाटन किया कि नेहरू अपने देशवासियों को आलसी कहते थे। आज खास विचारधारा के लोग बाल दिवस को गुरुगोविंद सिंह के पुत्रों के नाम कर अपनी भड़ास निकालते हैं। क्या जरूरत है इस स्थानापन्न की? गुरु गोविन्द सिंह तो भारत के गर्वित इतिहास के अनमोल रत्न हैं। यहां गुरु गोविंद सिंह के बच्चों के प्रति श्रद्धा का भाव नहीं, बल्कि नेहरू के प्रति नफरत है। यह नफरतियों की टोली है। ये उस हर शख़्स से नफरत करते हैं जो इंसानियत के लिए जीता है। गांधी और नेहरू से हद तक घृणा करने वाले अपनी घृणा का कोई तार्किक आधार तो दे नहीं पाते इसलिए इनके मुकाबले दूसरे बड़े नेताओं को खड़ा करते हैं। उनके मध्य मतभिन्नता को दुश्मनी की हद तक खींचते हैं। नेहरू गांधी का चरित्र हनन करते हैं। यह कोशिश वैसी ही है जैसे नेहरू के बरक्स भगतसिंह या नेताजी को खड़ा किया जाता है। जबकि ये दोनों ही नेहरू के प्रशंसक हैं। इसके अलावा भगतसिंह और सुभाष दोनों ही सांप्रदायिकता के धुर विरोधी थे। भगतसिंह के लिए तो यह आंदोलन सर्वहारा वर्ग की मुक्ति के लिए यज्ञ जैसा था। ऐसा आंदोलन जिसमें मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण की संभावना को खत्म किया जा सके। वे सांप्रदायिक नजरिए से आजादी को नहीं देख रहे थे।

-**संजीव शुक्ला** की फेसबुक वॉल से

अमृतवाणी

## सबके लिए दुआ



**एक** मजदूर की पत्नी बहुत बीमार थी। वह बहुत परेशान था। एक तो पत्नी बीमार, दूसरे उसके इलाज के लिए पास में पैसे नहीं। दोहरी मार पड़ रही थी, इसलिए चिंता स्वाभाविक थी। उसकी चिंता को समझकर किसी ने उससे कहा कि वह पास में ही रहने वाले बौद्ध भिक्षु से अपनी पत्नी के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करने के लिए कहे। मजदूर ने बौद्ध भिक्षु को अपनी झोपड़ी में बुला लिया। भिक्षु ने आसन ग्रहण करने के बाद सकल जगत के प्राणियों के लिए प्रार्थना प्रारंभ कर दी, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो, सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों, सबके दुख दूर हों...। रुकिए! मजदूर ने कहा, मैंने तो आपको अपनी पत्नी के भले के लिए प्रार्थना करने के लिए बुलाया है और आप दुनिया के सभी बीमारों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं! मैं तुम्हारी पत्नी के लिए भी प्रार्थना कर रहा हूं, भिक्षु ने कहा। हां, लेकिन आप औरों के लिए भी प्रार्थना कर रहे हैं। इस तरह तो आप मेरे दुष्ट पडोसी की भी मदद कर देंगे, जो बीमार है। मैं चाहता हूं कि वह कभी अच्छा न हो। मजदूर भिक्षु से नाराजगी जताने लगा। उसे यह बिल्कुल अच्छा नहीं लगा कि वह सभी बीमारों के लिए दुआ करे।

मजदूर ने कहा, तुम प्रार्थना और रोगमुक्ति के बारे में कुछ नहीं जानते हो। भिक्षु ने उठते हुए कहा, सभी के लिए मंगलकामना करते समय मेरी प्रार्थना उन करोड़ों लोगों की प्रार्थना में समाहित हो जाती है, जो अपने परिजनों के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। सभी की प्रार्थनाएं एक दूसरे में मिलकर विराट चेतनता से युक्त हो जाती हैं और सभी का हित करती हैं। केवल स्वयं के हित के लिए की गयी प्रार्थनाएं अपनी शक्ति खो देती हैं और विलुप्त हो जातीं हैं। अब मजदूर भिक्षु की बात समझ गया था।

तीखी नजर

## हर किसी के लिए एक कुर्सी



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

**आ**ज सुबह से ही फलाने समाचार चैनल पर एक अजीब सी हलचल थी। ऐसा लग रहा था जैसे सभी पत्रकार एक साथ किसी अनजाने आदेश पर सड़कों पर निकल आए हैं, मानो कोई नई स्कीम लॉन्च होने वाली हो। और हां, हमारे नेताओं ने एक नई योजना का उद्घाटन किया है-'हर घर में एक कुर्सी'। अब यह कुर्सी केवल बैठने के लिए नहीं होगी, बल्कि यह कुर्सी एक प्रतीक बन गई है हमारे लोकतंत्र का, जहां हर नागरिक को बैठने का अधिकार है, लेकिन उठने का नहीं। इस योजना के पीछे एक गहरा तर्क है, जो निहित है हमारे सिस्टम की अद्भुत सोच में। दरअसल, कुर्सी का मतलब है कि आप किसी भी सरकार के कामों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं, लेकिन सिर्फ बैठकर। क्योंकि जब आप उठेंगे, तो आपकी आवाज दब जाएगी। एक कुर्सी आपके दुख-दर्द को सुनने के लिए नहीं, बल्कि आपकी चुप्पी को प्रमाणित करने के लिए है। जैसे कि एक दुखी पिता अपने बेटे की पढ़ाई के लिए पैसे इकट्ठा करता है, लेकिन उसी समय उस पैसे को किसी भ्रष्ट नेता के हाथ में डाल देता है।

लोगों ने सरकार की इस योजना को लेकर उत्साह व्यक्त किया, लेकिन इसी उत्साह के बीच एक सवाल उभरा-क्या इस कुर्सी पर बैठने के लिए कोई शुल्क भी लगेगा? अब तो यह भी तय हो चुका है कि सरकारी कुर्सी पर बैठने के लिए भी एक बड़ा दान देना पड़ेगा, नहीं तो कुर्सी में बैठने का अधिकार केवल उन लोगों के लिए रहेगा, जिनके पास किसी नेता का फोन नंबर हो। और फिर एक दिन, जब लोग इस कुर्सी की व्यवस्था से खुश होकर अपने घरों में बैठने लगे, तो एक अचानक आई बाढ़ ने सब कुछ बहा दिया। कुर्सियां, जो कभी सत्ता के प्रतीक थीं, अब नदियों में तैरती हुई नजर आईं। लोग अपने घरों से बाहर निकलकर उन्हें देखने लगे, मानो यह कुर्सियां उन्हें वापस उनके लोकतंत्र की याद दिला रही हों।

इस दृश्य ने सबको सोचने पर मजबूर कर दिया। क्या हम सच में कुर्सियों पर बैठने के लिए तैयार हैं, जब हमारे चारों ओर ऐसा सूनसान हो? हमारे नेता कुर्सियों के चारों ओर बैठकर अपनी राजनीति करते रहे, और हम चुपचाप अपनी तकदीर को देखते रहे। कुर्सियों की भव्यता के सामने हमारी समस्याएं बौनी सी रह गईं। फिर अचानक, एक बच्चे ने पूछा, 'ये कुर्सियां हमारे लिए हैं, लेकिन क्या वे हमारे गमों को दूर कर सकती हैं?' उस बच्चे की मासूमियत ने सबको झकझोर दिया। आखिरकार, जब लोग अपनी खोई हुई कुर्सियों की खोज में निकले, तो उन्हें एक नया दृश्य देखने को मिला। कुर्सियों का ढेर लगा हुआ था, पर उनमें से कोई भी अपनी जगह पर नहीं था। उस दिन यह स्पष्ट हो गया कि कुर्सियों के पीछे कितनी महानता छिपी थी, लेकिन उन कुर्सियों पर बैठने वाले लोग कहां थे? हमारी राजनीति की यही कहानी है-हर किसी के लिए कुर्सी है, लेकिन कोई उस पर बैठने के लिए तैयार नहीं। सब अपनी अपनी कुर्सियों की तलाश में निकल पड़े, पर उनकी खोई हुई पहचान के साथ।

नजरिया

# प्रेस की आजादी के बिना लोकतंत्र अधूरा



**योगेश कुमार गोयल**

**यदि पत्रकार स्वयं भ्रष्ट व गैर जिम्मेदार होंगे तो न वे निष्पक्षता के साथ अपनी बात कहने में सक्षम होंगे और न ही समाज के सामने कोई आदर्श तस्वीर प्रस्तुत कर सकेंगे। पत्रकार जनता का ऐसा प्रतिनिधि होता है, जो उसकी समस्याओं देश दुनिया के सामने रखे।**

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बरकरार रखने तथा उसका सम्मान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए प्रतिवर्ष 16 नवम्बर को देश में 'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में यह दिवस एक वैधानिक और अर्ध-न्यायिक प्रतिष्ठान के रूप में भारतीय प्रेस परिषद को स्वीकार करने तथा सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है, जो देश में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की उपस्थिति का प्रतीक है और इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। पत्रकारिता की नैतिकता और प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए भारत में प्रथम प्रेस आयोग ने 1956 में एक समिति की कल्पना की थी, जिसने 10 वर्ष बाद 4 जुलाई 1966 को भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना की, जिसने 16 नवम्बर 1966 को अपना कार्य शुरू किया और उसी के बाद से प्रतिवर्ष 16 नवम्बर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भारतीय प्रेस परिषद देश में स्वस्थ लोकतंत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के अलावा विश्वसनीयता बरकरार रखने के लिए एक नैतिक प्रहरी के रूप में सभी पत्रकारिता गतिविधियों की निगरानी करती है तथा यह भी सुनिश्चित करती है कि देश में प्रेस किसी बाहरी मामले से प्रभावित न हो।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस वास्तव में प्रेस की स्वतंत्रता तथा समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारियों का प्रतीक है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 में भारतीयों को दिए गए अभिव्यक्ति की आजादी के मूल अधिकार से देश में प्रेस की स्वतंत्रता भी सुनिश्चित होती है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जहां प्रेस ने लोगों में राष्ट्रीय चेतना की भावना जागृत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई, वहीं स्वतंत्रता के बाद भी अनेक अवसरों पर सिद्ध होता रहा है कि प्रेस के बिना भारतीय लोकतंत्र अधूरा है। पत्रकार को समाज का ऐसा आईना माना जाता रहा है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी सच्चाई को सामने लाता है। भारत में प्रेस को जनता की एक ऐसी 'संसद' की उपाधि दी गई है, जिसका कभी सत्रावसान नहीं होता और जो सदैव जनता के लिए कार्य करती है। इसे समाज में परिवर्तन लाने अथवा जागृत करने के लिए जन-संचार का एक सशक्त माध्यम माना गया है। प्रेस को समाज की चिंतन प्रक्रिया का एक ऐसा अनिवार्य तत्व माना गया है, जो उसे दिशा व गति देने में सक्षम हो। इसे जनता की ऐसी आंख माना गया है, जो सभी पर अपनी पैनी और निष्पक्ष दृष्टि रखे। प्रेस को जनता की उंगली माना गया है, जो गलत कार्यों के विरोध में स्वतः ही उठ जाती है। प्रेस को समाज के प्रति पूर्ण समर्पण के रूप में देखा जाता है। इसे केवल एक पेशा न मानकर जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है।




प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व को दुनिया की कई महान हस्तियों ने अपने-अपने शब्दों में रेखांकित किया है। पूर्व राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा के शब्दों में कहें तो प्रेस पर लोकतांत्रिक परम्पराओं की रक्षा करने और शांति व भाईचारा बढ़ाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने प्रेस की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि प्रेस का प्रथम उद्देश्य जनता की इच्छाओं और विचारों को समझना तथा उन्हें सही ढ़ंग से व्यक्त करना है जबकि दूसरा उद्देश्य जनता में वांछनीय भावनाओं को जागृत करना और तीसरा उद्देश्य सार्वजनिक दोषों को निर्भयतापूर्वक प्रकट करना है। संयुक्त राज्य अमेरिका के तीसरे राष्ट्रपति थॉमस जेफरसन के मुताबिक हमारी स्वतंत्रता प्रेस की स्वतंत्रता पर निर्भर करती है, जिसे खोये बिना सीमित नहीं किया जा सकता। अमेरिका के जाने-माने समाचार प्रस्तोता और विख्यात पत्रकार वाल्टर क्रोनकाइट का कहना था कि प्रेस की स्वतंत्रता केवल लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि यह लोकतंत्र है। अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी कहते थे कि एक राष्ट्र, जो अपने लोगों को एक खुले बाजार में सच्चाई और झूठ का न्याय करने से डरता है, वह एक ऐसा राष्ट्र है, जो अपने लोगों से डरता है। ब्रितानी कंजर्वेटिव पार्टी के राजनेता, लेखक तथा दो बार प्रधानमंत्री रहे बेंजामिन डिसरायली का कहना था कि प्रेस न केवल स्वतंत्र है बल्कि शक्तिशाली भी है और वह शक्ति हमारी है। नेल्सन मंडेला ने भी एक स्वतंत्र प्रेस को लोकतंत्र के स्तंभों में से एक बताया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने प्रेस की स्वतंत्रता को एक ऐसा अनमोल विशेषाधिकार बताया था, जिसे कोई भी देश नहीं छोड़ सकता।

कानून व्यवस्था की खामियों को प्रकाशित-प्रसारित करना, अपने प्रयासों से शासन को सुव्यवस्थित करना व लोक हितकारी बनाना, पथभ्रष्टों को सन्मार्ग पर लाना, भ्रष्ट तंत्र को चौकन्ना बनाना, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखना, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में पर्दे की ओट में होने वाले दुष्कृत्यों, अत्याचारों व अन्याय का जनहित में पदार्फाश करना, समाज व मानवता के गुनाहगार चेहरों पर पड़े नकाब नोचकर जनता के सामने लाना, निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए धार्मिकता एवं राजनीति की आड़ लेने वालों के राज पर्दाफाश करना, समाज में स्वस्थ मानक स्थापित करना, लोक चेतना जागृत करना इत्यादि प्रेस के निम्नलिखित प्रमुख दायित्व माने गए हैं लेकिन यदि पत्रकार स्वयं भ्रष्ट व गैर जिम्मेदार होंगे तो न वे निष्पक्षता के साथ अपनी बात कहने में सक्षम होंगे और न ही समाज के सामने कोई आदर्श तस्वीर प्रस्तुत कर सकेंगे। पत्रकार जनता का ऐसा प्रतिनिधि होता है, जो जनता द्वारा चुना तो नहीं जाता लेकिन उसकी समस्याओं को उसके चुने गए प्रतिनिधियों के सामने समाधान के लिए प्रस्तुत करने का बड़ा माध्यम होता है। बहरहाल, राष्ट्र की स्वतंत्रता की रक्षा, समृद्धि व विकास, राष्ट्रीय अखंडता तथा जन जागरण की ओर अग्रणी रहने हेतु प्रेस को अपनी बहुआयामी भूमिका का निर्वहन करते रहना होगा।

